इंदौर
बुधवार
25 नवंबर 2026
वर्ष- 22 • अंक 161

दोपहर दैनिक

सिटी ब्लास्ट

स्कैन करें, ई-पेपर पढ़ें

मूल्य 2 रुपए • पृष्ठ 12

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

epaper.cityblast.in



अंतिम-12 में भी जगह नहीं बना सकीं भारत की काजिया मेजो

बुधवार.एजेंसी। 75वें मिस यूनिवर्स का आयोजन प्यूर्टो रिको की राजधानी सैन जुआन में हो रहा है। इस साल भारत की तरफ से केरलम की 19 साल की काजिया लिज मेजो ने हिस्सा लिया। दुनिया के 116 देशों और क्षेत्रों की प्रतियोगियों ने ताज के लिए मुकाबला किया। हालांकि, काजिया टॉप 30 तक पहुंचने के बाद टॉप 12 में जगह नहीं बना सकीं।

अब नीतीश कुमार का बेटा संभालेगा पार्टी

पटना.एजेंसी। नीतीश कुमार ने पहले बिहार का मुख्यमंत्री पद भाजपा को सौंपा। अब वे अपनी पार्टी की कमान अपने बेटे निषाद कुमार को सौंप रहे हैं। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने ऐलान किया कि अब प्रशांत कुमार पार्टी के सर्वेसर्वा होंगे।

हैलिकॉप्टर गिरा, 5 मरे

बुधवार.एजेंसी। तुर्किये में ट्रेनिंग उड़ान के दौरान वायुसेना का एएस-532 कूगर हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हादसे में हेलिकॉप्टर में सवार पांचों क्रू मेंबर्स की मौत हो गई।

सुपर मार्केट में घुसे हथियारबंद लोगों ने 20 लोगों को बनाया बंधक

कार्टाजेना ● एजेंसी

कोलंबिया के कार्टाजेना शहर में कुछ बदमाशों ने 20 से ज्यादा लोगों को बंधक बना लिया। बदमाशों ने सुबह करीब 8 बजे सुपरमार्केट में घुसकर कैश लेकर जा रही बख्तरबंद गाड़ी को लूटने की कोशिश की थी।

पुलिस को देखकर बदमाश सुपरमार्केट में घुस गए। यहां उन्होंने लोगों को बंधक बना लिया। इस बीच, बदमाशों को पकड़ने के लिए चलाए जा रहे अभियान के चलते शहर के राफेल नुनेज एयरपोर्ट पर 45 मिनट तक विमानों की लैंडिंग रोक दी गई। बदमाशों ने 20 लाख डॉलर (करीब 18 करोड़ रुपए), दो बख्तरबंद गाड़ियां और सुरक्षित रास्ता देने की मांग की। वे कार्टाजेना से करीब 130 किलोमीटर दूर बैरेंक्विला शहर जाना चाहते थे। बदमाशों ने 30 से ज्यादा लोगों को बंधक बनाया। इनमें से 5 बुजुर्ग महिलाओं समेत 10 को छोड़ दिया गया। बाकी लोगों को छुड़ाने के लिए पुलिस और सेना के जवानों के साथ खास सुरक्षा टीमें भी तैनात की गई।



ट्रंप टैरिफ का खौफ धुआं-धुआं... शेयर बाजार में तूफानी तेजी

मुंबई.एजेंसी। शेयर बाजार में आज कारोबार की तूफानी शुरुआत हुई और सेंसेक्स-निफ्टी रॉकेट की रफ्तार से भागते हुए नजर आए। सेंसेक्स 1500 अंकों से ज्यादा की छलांग लगाकर 83,969 के स्तर पर जा पहुंचा। इसी तरह निफ्टी 446 अंकों की छलांग लगाते हुए 25,795 के लेवल पर पहुंच गया। खास बात ये है कि यह तूफानी तेजी इस खबर के बाद आई कि भारत-चीन सहित 16 देशों पर अमेरिका टैरिफ बढ़ा सकता है।

महाकाल की शरण में पहुंचे 5 क्रिकेटर



उज्जैन.एजेंसी। उज्जैन के श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में आज सुबह भारतीय क्रिकेटर नीतीश राणा, युजवेंद्र चहल, राहुल तेवतिया, सुमित कुमार और अमित कुमार ने बाबा महाकाल की भस्म आरती में शामिल होकर दर्शन किए। सभी खिलाड़ी सुबह करीब 4 बजे मंदिर पहुंचे और दो घंटे तक नंदी हॉल में बैठकर भस्म आरती के दर्शन किए।

बंगाल के मंत्री ने कहा बांग्लादेश छीन लेंगे

कोलकाता.एजेंसी। बंगाल के मंत्री अर्जुन सिंह एक बार फिर अपने बयान को लेकर चर्चा में आ गए हैं। उन्होंने बांग्लादेश को लेकर एक अजीबो-गरीब बयान दिया है। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या का मुद्दा उठाते हुए कहा है कि 16 दिसंबर तक देश पर कब्जा कर लिया जाएगा।

आज शादी में 4 लाख लोगों का भंडारा

मोकामा.एजेंसी। मोकामा के विधायक अनंत सिंह की बेटी शिवांगी सिंह की आज शादी हो रही है। इस शादी में आम आदमी को खुलेआम आने का न्योता दिया है। करीब 4 लाख लोगों के लिए 150 तरह के पकवान बनाए जा रहे हैं। कई वीआईपी भी शादी में पहुंचेंगे।

शादी में चली गोलियां दो दोस्तों की मौत

आरा.एजेंसी। बिहार के आरा में शादी समारोह में उस दौरान सनसनी फैल गई, जब अचानक से गोलियां चलने लगीं। इस घटना में शादी में शामिल होने आए 3 युवकों को गोली लगी, जिनमें से दो की मौत हो गई, तीसरा घायल है। तीनों दोस्त अपने साथी के मामा की बेटी की शादी में शामिल होने पहुंचे थे।

20 से ज्यादा मकान जलकर राख

उत्तरकाशी.एजेंसी। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में भीषण आग लगने से 20 से ज्यादा मकान चपेट में आ गए। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते लगभग पूरा गांव प्रभावित हो गया। करीब पांच घंटे बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। घरों में रखा सामान भी आग की भेंट चढ़ गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, मकानों में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया है। आग लगने के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई।

छिंदवाड़ा में तेज रफ्तार बोलेरो मकान में घुसी

छिंदवाड़ा.एजेंसी। छिंदवाड़ा के जुन्नारदेव क्षेत्र के झुर्रेमाल में देर रात तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर एक मकान में जा घुसी। टक्कर से मकान की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। वाहन दीवार में ही फंसकर रुक गया। हादसे के समय घर में डब्ल्यूसीएल कर्मचारी रवि साहिन, उनकी पत्नी और बच्चे मौजूद थे जो बाल-बाल बच गए।

कांग्रेस ने सपा से कहा– हम भिखारी नहीं हैं...

लखनऊ ● एजेंसी

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 के लिए सीट बंटवारे पर जारी बातचीत के बीच सपा द्वारा 5 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए जाने पर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कड़ी नाराजगी जताई है। इमरान मसूद ने कहा कि गठबंधन में सहयोगी होते हैं, भिखारी नहीं। उन्होंने कहा कि हम भी हमारे प्रत्याशी की सूची जारी कर सकते हैं। ज्ञात रहे कि औवेसी-चंद्रशेखर आजाद के गठंबधन से घबराकर सपा ने पहली सूची में 5 में से 4 मुस्लिम प्रत्याशी उतारे हैं।

चीनी मांझे ने ली जान

नई दिल्ली. एजेंसी। दिल्ली में चीनी मांझे के कारण बाइक सवार युवक की मौत हो गई। गले में मांझा उलझने के कारण यह युवक गिरकर बुरी तरह घायल हो गया और बाद में उसकी मौत हो गई।

हाथी के नीचे फंसा भक्त

अमरकंटक.एजेंसी। मध्यप्रदेश में अमरकंटक के एक मंदिर में पत्थर का हाथी बना हुआ है। मान्यता के अनुसार, इस हाथी के नीचे से सफलतापूर्वक निकलने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। एक शख्स ने अपनी मनोकामना के लिए हाथी के नीचे से निकलने का प्रयास किया, लेकिन इस छोटे-से हाथी के नीचे वह ऐसा फंस गया कि न वह आगे बढ़ पा रहा था न पीछे खिसक पा रहा था। तभी एक महिला ने उसकी पेंट की पीछे की जेब में रखा पर्स निकाला तब जाकर वह बाहर निकल पाया।



सवा 4 करोड़ से अधिक के चावल की हेराफेरी में जांच और कार्रवाई का मुद्दा

गरीबों के हक के सरकारी राशन में इंदौर नीमच और हरदा का मामला, कांग्रेस ने उठाया सवाल, लिखा कलेक्टर को पत्र

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



इंदौर सहित मध्यप्रदेश के अन्य जिलों में गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को वितरित किए जाने वाले सरकारी चावल के परिवहन में करोड़ों रुपये की कथित अनियमितता एवं हेराफेरी के मामले में शहर कांग्रेस संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल ने इंदौर, नीमच और हरदा में गरीबों के राशन चावल की हेराफेरी का मुद्दा उठाया और आरोप लगाया कि 4.39 करोड़ के चावल की कथित हेराफेरी और यह चावल गंतव्य तक नहीं पहुंचने के मामले में उच्च स्तरीय जांच की जाए और जो भी दोषी है उन पर कठोर कार्रवाई की जाए। बाकलीवाल ने पत्र में लिखा कि समाचारों के अनुसार कटनी से 32 ट्रकों के माध्यम से लगभग 10,975 क्विंटल चावल इंदौर, हरदा एवं नीमच के लिए रवाना किया गया था, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 4.39 करोड़ रु. बताई जा रही है। यह अत्यंत गंभीर मामला है। जिस राशन पर गरीब परिवारों का अधिकार है, यदि वही राशन भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ जाए, तो यह जनता के साथ सीधा अन्याय है। गरीबों के हक के राशन का इस प्रकार गंतव्य तक नहीं पहुंचना प्रशासनिक व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। शहर कांग्रेस कमेटी इस मामले का कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए मांग करती है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। इंदौर के हिस्से के 2,641 क्विंटल चावल का पूरा हिसाब सार्वजनिक किया जाए। जिन ट्रकों में चावल भेजा गया था, उनके जीपीएस रिकॉर्ड, टोल नाकों के रिकॉर्ड एवं परिवहन दस्तावेजों की जांच की जाए। संबंधित परिवहन एजेंसी, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका की जांच कर दोषियों पर तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए, नुकसान की भरपाई जिम्मेदारों से की जाए, जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए, पूरे मामले की जांच रिपोर्ट और कार्रवाई सार्वजनिक की जाए। जो चावल हेरफेर किया गया उसे जब्त कर गरीबों के हक का राशन उन तक पहुंचाया जाए। बाकलीवाल ने यह भी कहा कि यदि प्रशासन द्वारा उचित समय-सीमा में ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है, तो शहर कांग्रेस कमेटी इंदौर इस मामले को न्यायालय में ले जाने के लिए बाध्य होगी। कांग्रेस गरीबों के हक और अधिकारों की लड़ाई सड़क से लेकर न्यायालय तक लड़ेगी तथा जरूरतमंद परिवारों को उनका हक दिलाने के लिए हर संभव कानूनी कदम उठाएगी। यह पत्र कलेक्टर के साथ मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव भोपाल, मुख्य सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग और कमिश्नर खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग को भेजा है।

अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर प्रतिमा का अनावरण

अगले माह होने वाले आयोजन के लिए किया निरीक्षण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



शर्मा बबलू, पार्षद शानू शर्मा, पार्षद योगेश गेंदर के साथ प्रतिमा स्थल का निरीक्षण किया। प्रतिमा के लिए फाउंडेशन का कार्य किया जा रहा है और मूर्ति निर्माण भी हो रहा है। दोनों ही कार्य को महापौर, अधिकारी अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर सहित अन्य ने देखा। सभी कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए।

देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती 25 दिसम्बर को आ रही है। नगर निगम द्वारा दशहरा मैदान परिसर में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने अधिकारियों और एमआईसी सदस्य अभिषेक



विधायक गौड़ ने दी श्रद्धांजलि

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सिटी ब्लास्ट के छायाकार संजय शर्मा के काका महेश शर्मा के निधन पर विधायक मालिनी गौड़ ने शर्मा के निवास सिलावटपुरा पहुंचकर दिवंगत महेश शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ श्रद्धांजलि दी। छायाकार संजय शर्मा एवं परिजन भी मौजूद रहे।



भड़के रहवासियों ने लगाए निगम के खिलाफ नारे

कहा- रोज आती है जयंती कब तक करेंगे हमारा मच्छी व्यापार बंद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

रोड पर आए लोगों के साथ महिलाएं भी हुई शामिल, पुलिस भी पहुंची

शहर के मध्य इमली बाजार चौराहा और रामबाग चौराहा के बीच स्थित भोई मोहल्ला सुभाष मार्ग के आज रहवासी घरों से बाहर निकल आए और देखते ही देखते नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी की और नारों के बीच महापौर व अधिकारियों को भी लपेटे में लिया। आज साधुवासवानी जयंती है और नगर निगम के मीट विभाग ने भोई मोहल्ले के मच्छी व्यापारियों की दुकानें बंद करवा दी थी, जिसका विरोध किया गया और देखते ही देखते पहले पुरुष बाहर आए और फिर महिला व बच्चे भी रोड पर बाहर आ गए, जिससे जाम की स्थिति लग गई। पुलिस सदर बाजार भी मामले को नियंत्रित करने पहुंची। यहां के रहवासी और दुकानदारों का कहना था कि आए दिन नगर निगम किसी जयंती के नाम पर हमारी दुकानें बंद करा देता है, इससे हमारा रोजगार प्रभावित होता है और हमें आर्थिक हानि उठाना पड़ती है यह निगम की तानाशाही है। मछवारा समाज ने कल से ही विरोध का ऐलान कर दिया था। मछवारा समाज के अध्यक्ष दिनेश गौड़ ने बताया कि निगम ने साधुवासवानी जयंती संदेश 25 नवम्बर को नो मीट डे मनाने को लेकर कहीं भी मटन की दुकान नहीं खोलने के निर्देश दिए थे। कल ही विरोध की घोषणा कर दी गई थी और आज सुबह दिनेश गौड़ के निर्देश पर हर्षल गौड़, निर्मल गौड़, अशोक गौड़ के साथ बड़ी संख्या में विरोध करने लोग बाहर आ गए। भोई मोहल्ला से नारेबाजी करते हुए व्यापारी और रहवासी रामबाग पुल पर भी महापौर के खिलाफ नारेबाजी करते रहे और फिर नगर निगम पहुंच गए वहां भी नारेबाजी की।

भाजपा के जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर कांग्रेस का सवाल

कृष्णा बाग के 42 परिवारों के आशियाने उजाड़े, अब भूमाफियाओं पर बुलडोजर कब चलेगा, यह भी पूछा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव ने कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर सवाल किया है कि कृष्णबाग के 42 परिवारों के आशियाने तोड़ दिए गए हैं। जिन भूमाफियाओं ने यह कृत्य किया है उन पर बुलडोजर कब चलेगा, उन पर कार्रवाई कब होगी। यादव ने प्रश्न किया कि जिन लोगों ने जिंदगी भर की कमाई लगाई थी वह उजड़ गई है। जिन परिवारों ने रजिस्ट्री कराई, बैंक से लोन लिया और वर्षों तक नगर निगम को संपत्ति कर, जलकर और अन्य शुल्क चुकाए, आज वही बेघर हैं। मकान टूट गए, लेकिन बैंक की किश्तें आज भी बाकी हैं उनका क्या होगा। यदि कॉलोनी अवैध थी तो रजिस्ट्रियां कैसे हुईं? नगर निगम ने वर्षों तक टैक्स क्यों वसूला? बिजली-पानी के कनेक्शन कैसे मिले? वर्ष 2021 में टीएंडसीपी और भवन अनुमति निरस्त होने के बाद भी समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं हुई? यादव ने कहा कि इस मामले में सुरेश सिलावट, शशि भूषण खंडेलवाल, श्री राम बिल्डर्स और बालमुकुंद सिद्ध से जुड़े जमीन के स्वामित्व, विक्रय पत्रों और कथित फर्जी दस्तावेजों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। मूल जमीन मालिक से लेकर प्लॉट विक्रेताओं और संबंधित अधिकारियों तक सभी की जवाबदेही तय की जाए। हमारी मांग है कि धोखाधड़ी प्रमाणित होने पर संबंधित भूमाफियाओं के खिलाफ FIR दर्ज कर गिरफ्तारी की जाए तथा लापरवाह अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई हो। 42 प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा और उनके प्लॉटों की रकम वापस दिलाई जाए। गरीबों के घरों पर बुलडोजर चलाना आसान है, लेकिन अब सरकार जवाब दे 42 परिवारों के टूटे मकानों का मुआवजा कौन देगा? उनकी जिंदगीभर की कमाई का हिसाब कौन देगा? बैंक का कर्ज कौन चुकाएगा? जिन भूमाफियाओं ने प्लॉट बेचे और जिन अधिकारियों की लापरवाही से ये परिवार यहां बसे, उन पर कार्रवाई कब होगी? घर उजाड़ने वालों के साथ जनता को धोखा देने वाले असली जिम्मेदारों की जवाबदेही भी तय करनी होगी। इन धोखाधड़ी करने वालों पर कब होगी एफआईआर और कब होंगी गिरफ्तारी। अगर शीघ्र ही कार्रवाई नहीं की गई तो जल्दी इंदौर कांग्रेस कमेटी आंदोलन करेगी। यदव ने जनप्रतिनिधियों से भी सवाल किया कि इंदौर में 9 विधायक है इनमें से दो मंत्री है, महापौर है और भाजपा के 65 पार्षद है उनकी भी चुप्पी क्यों है, उनका तोड़फोड़ पर सवाल क्यों नहीं आया। भाजपा पदाधिकारी भी चुप्पी साधे बैठे हैं उनसे भी प्रश्न पीड़ितों के हक में करना चाहिए।

सब्जी व्यापारियों को निगम और पुलिस ने हटाया







इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नहीं लगने दी दुकानें, सब्जी फेंकी, अधिकारी डटे रहे

आज सुबह फूटी कोठी रिंगरोड पर नगर निगम की टीम और पुलिस ने मोर्चा थामकर दुकानें नहीं लगने दी, जबकि आज दुकानदार सब्जी और फल लेकर पहुंच गए थे और कुछ लोगों ने पुल के नीचे बोगदा में दुकान भी लगा ली थी, जिसे हटाया गया और कुछ सब्जी फेंकने का काम भी किया गया, पुलिस ने सब्जी लेकर आने वाले व्यापारी को दूर से रोकने का काम किया। इसके बाद सब्जी व्यापारियों ने जमकर विरोध जताया। निगम ने कह दिया था कि रिंगरोड के अलावा भी ब्रिज के नीचे भी दुकानें नहीं लगने दी जाएगी, लेकिन व्यापारी ब्रिज के नीचे दुकान लगाने के लिए अड़ गए थे जबकि इन दुकानदारों को वैकल्पिक रूप से रिंगरोड द्वारकापुरी सब्जी मंडी व्यापारियों को चंदन नगर क्षेत्र में जमीन दी गई थी। इस जमीन पर इन लोगों को सब्जी मंडी लगाने के लिए कहा गया था। सब्जी व्यापारी नगर निगम के इस फैसले से सहमत नहीं थे। इन व्यापारियों का कहना था कि उन्हें फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे ही सब्जी मंडी लगाने के लिए अनुमति दी जानी चाहिए, क्योंकि इससे उनके जो ग्राहक हैं वे आसानी से उन तक पहुंच सकेंगे और सब्जी खरीद सकेंगे। कुल मिलाकर समाचार लिखे जाने तक जद्दोजहद चल रही है।

कांग्रेस नेत्री भी जा पहुंची आज फिर, कल पहुंचे थे कांग्रेस अध्यक्ष चौकसे



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आज सुबह सब्जी मंडी नहीं लगने देने की जानकारी निगम में नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट को लगी वे देवेन्द्रसिंह यादव सहित अन्य कांग्रेसियों के साथ फूटी कोठी द्वारकापुरी रिंगरोड के नीचे बोगदे में पहुंच गई थी। यहां कांग्रेसियों ने नारेबाजी भी की और कहा कि बोगदे के नीचे सब्जी मंडी लगने दी जाए। पुलिस और निगम ने कांग्रेसियों की एक नहीं सुनी। इस दौरान सब्जी व्यापारियों ने कुछ दुकानें बोगदे के नीचे लगा भी ली थी, जिसे हटाने की कोशिश पुलिस करती रही। कांग्रेसियों और सब्जी व्यापारियों के हाथ में विरोध के बैनर पोस्टर भी थे जिस पर लिखा था गरीबों के साथ अन्याय बंद करो। उल्लेखनीय है कि कल भी शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे कांग्रेसियों के साथ यहां सब्जी व्यापारियों की मदद करने पहुंचे थे।



मिमरोट को हिरासत में लिया, साथ ही पाण्डे और भदौरिया की भी टांगा टोली







सब्जी व्यापारियों को भी पुलिस ने बैठाया गाड़ी में

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। काफी जद्दोजहद के बाद सबसे पहले पुलिस ने सामाजिक कार्यकर्ता प्रहलाद पाण्डे को हटाने की कोशिश फूटी कोठी रिंगरोड ब्रिज के नीचे बोगदे से की, जब वे नहीं माने तो पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेने की कोशिश की, जब वे नहीं हिले तो उनकी टांगा टोली करके पुलिस ने उन्हें वाहन तक पहुंचाया, इसके बाद कांग्रेस पार्षद राजू भदौरिया की भी टांगाटोली कर और पुलिस ने उन्हें भी वाहन तक पहुंचाया। महिला पुलिस ने निगम में नेताप्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट को भी हिरासत में लेकर उन्हें भी पुलिस वाहन में बैठाया, इसके बाद कई सब्जी व्यापारी विरोध कर रहे थे उन्हें भी हिरासत में लिया गया।

कल रहवासियों ने लगाए थे विरोध के नारे, आज देखते रहे तमाशा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कल जब कांग्रेसी और सब्जी व्यापारी सब्जी की दुकानें लगाने चिन्टू चौकसे के साथ पहुंचे थे उस समय रहवासियों ने कांग्रेसी वापस जाओ के नारे भी लगाए थे और यहां सब्जी मंडी नहीं लगेगी के नारे भी गुंजाए थे। कल विरोध के बाद आज रहवासी रिंगरोड के रास्ते पर खड़े होकर पुलिस और निगम की कार्रवाई को देखते रहे और यही कहते रहे कि सब्जी मंडी नहीं लगने दी जाएगी। द्वारकापुरी रहवासी संघ के नरेन्द्रसिंह सोलंकी ने बताया कि द्वारकापुरी, प्रजापत नगर, ऋषि पैलेस, स्कीम नं. 71 के रहवासी लम्बे समय से फूटी कोठी रिंगरोड पर लग रही सब्जी मंडी से परेशान थे। खासतौर से परेशानी उस समय बढ़ी जब यातायात का दबाव सब्जी मंडी के बीच से रहता था और जाम की स्थिति रहती थी और सब्जी व्यापारियों ने स्कीम नं. 71 की गलियों तक में दुकान लगाकर कब्जा कर लिया था। सारे रहवासी लम्बे समय से सब्जी मंडी हटाने की मांग कर रहे थे।

पातालपानी में तीन दिनों तक आयोजन

टंट्या मामा बलिदान दिवस पर आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। टंट्या मामा का बलिदान दिवस अगले माह आएगा। आम्बेडकर नगरी महू के पातालापानी में मामा के बलिदान दिवस पर तीन दिनों तक मेले का आयोजन होगा। इधर मंत्री विजय शाह ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा जिले में स्थापित करने की घोषणा भी की है। इसे लेकर जिला भाजपा ने कल बैठक भी आयोजित की थी। मंत्री विजय शाह, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा, मंत्री सावित्री ठाकुर, सांसद कविता पाटीदार, विधायक उषा ठाकुर के प्रयासों से मेले का मार्ग प्रशस्त हुआ।

क्लॉथ मार्केट में आज श्रद्धांजलि सभा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। क्लॉथ मार्केट व्यापारी एसोसिएशन के लंबे समय तक पदाधिकारी रहे हंसराज जैन का कल निधन हो गया।मंत्री कैलाश मुंगड़ ने बताया कि कल शोक स्वरूप पूरा बाजार बंद रहा,वही आज कमेटी हॉल में दोपहर 3 बजे श्रद्धांजलि सभा रखी गई है।

कांग्रेस वार्ड अध्यक्षों से मांगे आज शाम तक वोट रक्षक के नाम

दो दिन बाद होगी घोषणा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर कांग्रेस ने ब्लॉक और मंडलम अध्यक्षों की बैठक लेकर विगत दिनों निर्देशित किया था कि वे आज बुधवार की शाम तक हर बूथ पर वोट रक्षक का नाम दे दें। कल से फिर गांधी भवन से फोन कर नाम मांगने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। आज शाम तक सारे मंडलम अध्यक्षों को अपने-अपने वार्ड के अधीन आने वाले बूथ के रक्षकों के नाम देना है। इस मामले में चिन्टू चौकसे ने बताया कि दो दिन बाद शुक्रवार को 85 ही वार्ड के 2200 से अधिक बूथ रक्षकों की घोषणा कर दी जाएगी और फिर इनके माध्यम से बूथ स्तर पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य कराया जाएगा जो लोग यहां निवास नहीं कर रहे हैं या जो दिवंगत हो गए हैं उनके नाम अगर मतदाता सूची में हो तो वे भी हटवाए जाएंगे और जो 18 वर्ष के हो चुके हैं उनके नाम भी जुड़वाए जाएंगे, जिनके नाम गत मतदाता सूची से कटे थे अगर वे नाम सही है तो उन्हें भी जुड़वाया जाएगा।

पुलिस कार्रवाई के विरोध में दवा व्यापारियों ने दिया ज्ञापन

पुलिस कार्रवाई के विरोध में दवा व्यापारियों ने दिया ज्ञापन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि





दवा बाजार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय बाकलीवाल ने बताया कि ड्रग एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के प्रावधानों के अनुसार दवा दुकानों का निरीक्षण संबंधित औषधि नियंत्रण विभाग के ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के तहत किया जाना चाहिए। पुलिस द्वारा मेडिकल दुकानों में सीधे पहुंचकर जांच-पड़ताल करने से छोटे और खुदरा दवा व्यापारियों में भय एवं असमंजस का माहौल बन रहा है। व्यापारियों ने कहा कि मेडिकल स्टोर संचालकों की जिम्मेदारी है कि मरीजों को सभी आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई जाएं, लेकिन इस प्रकार की कार्रवाई के डर से व्यापारी जरूरी दवाइयां रखने और मरीजों को उपलब्ध कराने में भी असहज महसूस कर सकते हैं। दवा व्यापारी कानून का पालन करते हुए ड्रग एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के दायरे में रहकर अपना व्यवसाय संचालित करते हैं। मेडिकल दुकानों पर पुलिस की कार्रवाई का विरोध एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जताते हुए पुलिस कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने को लेकर विनय बाकलीवाल के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर आरके सिंह को ज्ञापन दिया गया। इस दौरान विनय बाकलीवाल, निर्मल जैन, धर्मेन्द्र कोठारी, प्रितेन्द्र मेहता, टी साबू, रितेश अग्रवाल, गिरिराजसिंह झाला सहित अन्य मौजूद थे।



चंदननगर में लगा रहा लम्बे समय तक जाम

शहर के मध्य भी रही यही स्थिति

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पश्चिम क्षेत्र के जिला अस्पताल से लेकर चंदननगर और इधर रिंगरोड के अलावा सिरपुर से चंदननगर आने वाले मार्ग पर भी जाम की स्थिति करीब पौने दो घंटे तक बनी रही। वैसे भी चंदननगर चौराहा पर आए दिन यातायात का दबाव का असर दिखाई देता है और वाहन इस चौराहा पर बमुश्किल ही आसानी से निकल पाते हैं। बताया गया कि करीब पौने 2 घंटे तक इन चौराहा पर वाहन बमुश्किल आगे बढ़ते नजर आए। वाहन चालकों का कहना है कि वे एक बार चंदननगर के जाम में फंसे तो 35 मिनट में रास्ता पार किया था। धार रोड की तो यह स्थिति हो गई थी कि सिरपुर और अम्मार नगर तक जाम की स्थिति पहुंच गई थी, इधर जिला अस्पताल तक जाम की स्थिति नजर आई। चंदननगर की गलियों में तो महाजाम लगा, जिससे पैदल निकलने वाले लोग भी नहीं निकल पाए। एम्बुलेंस भी इस जाम में फंसी हुई थी। चंदननगर चौराहा पर आए दिन जाम की स्थिति बनती है, यही स्थिति अब राजमोहल्ला चौराहा और गंगवाल बस स्टैण्ड चौराहा की बन गई है। कल गुरुनानक देवजी का प्रकाश पर्व खालसा कॉलेज में आयोजित किया गया, यहां धार्मिक आयोजन और लंगर का आयोजन भी किया गया था। सुबह 11 बजे से वाहनों का मुख्य मार्ग से लेकर गलियों में लगना शुरू हो गया था जो दोपहर 3.30 बजे तक मुख्य मार्ग के अलावा गलियों में भी जाम की स्थिति बनी रही। यहां पुलिस व्यवस्था होने के बावजूद भी वाहन फंस कर निकलते रहे।



कोली समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में इंदौरी भी जाएंगे

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कोली समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक महाराष्ट्र ठाणे में 29 नवम्बर को आयोजित की जाएगी। 45 साल के सफर की स्मारिका का विमोचन भी किया जाएगा। इस बैठक में शामिल होने के लिए इंदौर से प्रकाश महावर कोली, दिनेश वर्मा, ईश्वरलाल सनोटिया 27 नवम्बर को रवाना होंगे और वे बैठक में शामिल होंगे। उक्त जानकारी दीपक मलोरिया रानू और गजेन्द्र महावर ने दी।

निगम ने की मीट दुकानों पर कार्रवाई और शुल्क की वसूली

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नगर निगम लगातार परिवहन शुल्क जमा नहीं करने वाली मीट दुकानों को सील कर रहा है। कल भी नगर निगम की मीट अपशिष्ट प्रबंधन टीम ने मीट दुकानों का निरीक्षण कर बकाया मीट अपशिष्ट शुल्क का 56 हजार 400 रु. वसूला भी और बगैर स्वीकृति के चल रही दुकानों को सील भी किया। वार्ड 57 के शांति पथ मटन दुकानों में जिन मीट दुकानों पर सफाई व्यवस्था ठीक नहीं मिली उनका 2 हजार रु. का स्पाट फाईन किया गया।



ट्रैफिक पुलिस का प्लान फेल, अब चेंबर सुधारकर जाम से मुक्ति दिलाएगा निगम!

ट्रैफिक सुधार के लिए नई मुहिम शुरू करेगा निगम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर में ट्रैफिक जाम अब सबसे बड़ी समस्या बन चुका है। बाजारों से लेकर प्रमुख चौराहों और मुख्य मार्गों तक वाहन चालकों को रोज जाम से जूझना पड़ रहा है। यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए यातायात पुलिस द्वारा बनाए गए प्लान भी असरदार साबित नहीं हो रहे हैं। ऐसे में नगर निगम ने अब ट्रैफिक सुधारने के लिए ड्रेनेज चेंबर दुरुस्त करने की कवायद शुरू की है। शहर की कई सड़कों पर ड्रेनेज के चेंबर सड़क के बराबर नहीं होने से वाहन चालकों को परेशानी होती है। कहीं चेंबर नीचे धंसे हैं तो कहीं सड़क से ऊंचे हैं। इनके कारण वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाने पड़ते हैं, जिससे दुर्घटना और जाम की स्थिति बनती है।

यातायात बाधित करने वाले चेम्बर का सर्वे- निगम ने शहर के सभी 22 जोन के जोनल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सड़क के बीच स्थित ऐसे चेंबर चिह्नित किए जाएं, जो यातायात में बाधा बन रहे हैं। इन्हें सड़क के मौजूदा स्तर के अनुरूप व्यवस्थित किया जाए। इसके अलावा वार्डो में सड़क और यातायात में बाधा बनने वाले छोटे-छोटे स्थानों को भी चिह्नित कर सुधार कार्य कराने को कहा गया है।

बदहाल सड़कें तो चेम्बर सुधार याद आया- शहर में कई प्रमुख मार्गो पर क्षतिग्रस्त सड़कें और अधूरे पैचवर्क भी यातायात की रफ्तार रोक रहे हैं। सड़कों की हालत सुधारने में निगम की सुस्ती के बीच अब चेंबरों को ठीक करने की पहल की गई है। हालांकि, केवल चेंबर सुधारने से शहर की ट्रैफिक समस्या का समाधान होना मुश्किल है। इसके लिए सड़क, चौराहों, पार्किंग और यातायात प्रबंधन में एक साथ सुधार की जरूरत है।

चौराहों से लेकर बाजारों तक सुधार के दावे- ट्रैफिक सुधार के लिए प्रशासन और नगर निगम स्तर पर कई योजनाओं पर काम चल रहा है। अगस्त में 17 प्रमुख चौराहों के लेफ्ट टर्न चौड़े करने, अतिक्रमण हटाने और पार्किंग व्यवस्था सुधारने की योजना बनाई गई थी। वहीं 31 अक्टूबर को रसोमा, एलआईजी, लैंटर्न और हुकुमचंद घंटाघर चौराहे पर नए ट्रैफिक प्रयोग करने का निर्णय लिया गया था। इन प्रयोगों में लेफ्ट टर्न फ्री रखना, गलत दिशा से आने वाले वाहनों पर रोक और पीक आवर्स में सिग्नल का समय बढ़ाना शामिल है।

इसके अलावा 21 नवंबर को हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में छह प्रमुख चौराहों पर लेफ्ट टर्न चौड़े करने और पांच नई सड़कों पर सड़क किनारे पार्किंग व्यवस्था लागू करने की दिशा में काम करने का निर्णय लिया गया।

ट्रैफिक सुधार के लिए चल रहे प्रमुख प्रयास- लेफ्ट टर्न चौड़े होंगेः प्रमुख चौराहों पर वाहनों की आवाजाही आसान करने के लिए जगह बढ़ाने की योजना।

अतिक्रमण हटेंगेः सड़क और फुटपाथ पर कब्जे हटाकर आवागमन का रास्ता साफ करने की कवायद।

पार्किंग व्यवस्थाः बाजारों और प्रमुख मार्गो पर व्यवस्थित पार्किंग तथा पांच सड़कों पर सड़क किनारे पार्किंग की योजना।

सिग्नल में बदलावः व्यस्त चौराहों पर सिग्नल का समय और यातायात संचालन सुधारने के प्रयास।

चार चौराहों पर प्रयोगः रसोमा, एलआईजी, लैंटर्न और हुकुमचंद घंटाघर पर नई व्यवस्था का परीक्षण।

राजबाड़ा पर अतिक्रमण का त्योहार अब भी जारी, जीरो टॉलरेंस सिर्फ जुबानी!

अक्षय जैन

पूजा-पाठ, दीपक-बत्ती और त्योहार के नाम पर फुटपाथ पर अस्थायी बाजार की छूट; रीमूव्हल की कार्रवाई पर उठ रहे सवाल, स्मार्ट सिटी और हेरिटेज क्षेत्र की पहचान पर भारी पड़ रही अफसरों की अनदेखी

इंदौर के ऐतिहासिक राजबाड़ा क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने का अभियान क्या केवल त्योहारों के कैलेंडर तक सीमित रह गया है? कभी पूजा-पाठ, कभी दीपक-बत्ती तो कभी त्योहार के नाम पर अस्थायी दुकानें लगाने की अनुमति के बहाने सड़क और फुटपाथ पर कब्जे का सिलसिला अब भी जारी है। दीया बत्ती के बजाय रेडिमेड कपड़े होजियरी वूलन, कॉस्मेटिक, फुटवियर, खिलौने बेचने वालो ने इस अवसर को अपना ठिया साम्राज्य बना लिया है। सवाल यह है कि जिस क्षेत्र को स्मार्ट सिटी और हेरिटेज पहचान के रूप में विकसित करने की बात होती है, वहां सड़क और फुटपाथ अतिक्रमण पर जीरो टॉलरेंस की नीति आखिर कहां चली जाती है?

त्योहारों पर बाजार सजना और आम नागरिकों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान होना चाहिए, लेकिन इसके नाम पर सार्वजनिक रास्तों को कारोबार के लिए घेर लेना कहां तक उचित है? पूजा सामग्री, दीपक-बत्ती और अन्य अस्थायी दुकानों के नाम पर शुरू होने वाली व्यवस्था धीरे-धीरे स्थायी कब्जे का रूप लेने लगती है। कुछ दिनों की छूट कब नियमित व्यापारिक गतिविधि में बदल जाती है, इसका जवाब जिम्मेदार विभागों के पास होना चाहिए। सबसे बड़ा सवाल रीमूव्हल अमले की भूमिका पर है। एक ओर नगर निगम और प्रशासन अतिक्रमण हटाने के दावे करते हैं, दूसरी ओर उसी क्षेत्र में नए फुटपाथ बाजार सजते दिखाई देते हैं। क्या कार्रवाई केवल चुनिंदा दुकानदारों तक सीमित है? क्या अनुमति देने और निगरानी करने वाले अधिकारियों की कोई जवाबदेही तय है? यदि अनुमति दी गई है तो उसका दायरा, अवधि और स्थान सार्वजनिक क्यों नहीं किया जाता?

राजबाड़ा केवल व्यापारिक गतिविधियों का केंद्र नहीं, बल्कि इंदौर की ऐतिहासिक पहचान है। यहां खरीदारी के लिए आने वाली महिलाओं, बुजुर्गों और परिवारों को पैदल चलने की जगह मिलना भी उतना ही जरूरी है। स्थायी दुकानदार टैक्स, लाइसेंस और अन्य शुल्क चुकाकर कारोबार करते हैं। उनके सामने फुटपाथ पर बिना स्पष्ट व्यवस्था के लगने वाले बाजार प्रतिस्पर्धा के साथ यातायात और सुरक्षा की समस्या भी खड़ी करते हैं। छोटे दुकानदारों की रोजी-रोटी छीनना समाधान नहीं है। उनके लिए व्यवस्थित हॉकर्स जोन और निर्धारित स्थान होना चाहिए। लेकिन सार्वजनिक फुटपाथ किसी की निजी दुकान नहीं बन सकता।

स्मार्ट सिटी की पहचान केवल रोशनी, रंगाई-पुताई और प्रचार से नहीं बनती, बल्कि सड़कों पर अनुशासन और नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं से बनती है। राजबाड़ा में जीरो टॉलरेंस का बोर्ड लगाने से ज्यादा जरूरी है कि जमीन पर भी उसका पालन हो। आखिर सवाल यही है अतिक्रमण हटाने वाला अमला अतिक्रमण रोकने में इतना बेबस क्यों नजर आता है?

15 करोड़ के नए बोरिंग कराएगा निगम

पुराने किए हुए बोरिंग की खराब हो चुकी मोटर भी बदली जाएगी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर नगर निगम के द्वारा 15 करोड़ रुपए खर्च कर नए बोरिंग कराए जाएंगे। इसके साथ ही पुराने किए हुए बोरिंग की खराब हो चुकी मोटर को बदलने का काम भी किया जाएगा। जो नए बोरिंग कराए जाएंगे उनमें भी नई मोटर लगाई जाएगी।

इस साल शहर में कम बारिश होने के कारण पानी का संकट पैदा होने के आसार बढ़ गए हैं। आशंका यह है कि दिसंबर के अंत या जनवरी से ही पानी का संकट शुरू हो जाएगा। ऐसे में इस संकट से निपटने के लिए नगर निगम की ओर से तैयारी भी शुरू हो गई है। अभी 2 दिन पहले ही जब प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा पूरे प्रदेश में पानी के संकट से पैदा होने वाली स्थिति की समीक्षा बैठक ली गई थी तो उस बैठक में इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने राज्य सरकार से इंदौर के लिए 110 करोड़ रुपए की मांग की थी। अभी सरकार की ओर से इस मांग पर कोई जवाब नहीं आया है। इसके साथ ही सरकार के द्वारा अभी पानी के संकट से निपटने के लिए कोई राशि भी मंजूर नहीं की गई है।

इन हालात के बीच में नगर निगम के द्वारा अपने बजट के आधार पर अपना काम धीरे-धीरे शुरू करने की कसरत शुरू कर दी गई है। अब निगम की ओर से 15 करोड़ रुपए की राशि से शहर में समस्या वाले स्थान पर नए बोरिंग करवाने का काम हाथ में ले लिया गया है। इस काम को करने के लिए निगम के द्वारा ठेकेदार के चयन की प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है। इसमें निगम के द्वारा यह कंडीशन डाली गई है कि नए बोरिंग करने के साथ बोरिंग पर मोटर लगाना भी ठेकेदार की जिम्मेदारी होगी। इसके साथ ही शहर में जो पुराने बोरिंग बंद हो गए हैं उन बोरिंग को वापस से शुरू करवाना और उनमें नई मोटर लगाना भी किया जाएगा।

वैसे तो नगर निगम के द्वारा इस काम को अगले 1 साल तक कराए जाने वाले काम के रूप में दस्तावेज में दर्ज किया गया है। लेकिन हकीकत यह है कि यह काम जैसे ही शुरू होगा तो इतनी कम राशि के बोरिंग और मोटर का काम होने में दो-चार महीने का वक्त भी नहीं लगेगा। वैसे भी शहर के कई क्षेत्रों में अभी से पानी के संकट ने दस्तक देना शुरू कर दिया है। कुछ क्षेत्रों के बोरिंग बंद हो गए हैं तो कुछ क्षेत्रों की मोटर खराब हो गई है। वैसे भी नगर निगम के पास बोरिंग सुधारने के लिए कोई बहुत मजबूत सिस्टम नहीं है। पूरे शहर के लिए एक ठेकेदार के पास मरम्मत का काम दिया हुआ है। वह ठेकेदार अपनी इच्छा से ही काम करता है और निगम अधिकारियों को साफ कर देता है कि यदि आपको जल्दी काम करवाना है तो किसी और को ढूंढ लीजिए।

हर वार्ड की बन रही है योजना

नगर निगम के द्वारा हर वार्ड में पानी के संकट और पानी की उपलब्धता की स्थिति का अध्ययन करते हुए योजना तैयार करने का काम किया जा रहा है। इस योजना में यह स्पष्ट हो जाएगा कि उस वार्ड में कौन-कौन से क्षेत्र ऐसे हैं जहां पर पानी का संकट पैदा हो सकता है। ऐसे क्षेत्रों में पानी के संकट को समाप्त करने के लिए नगर निगम को क्या कदम उठाने चाहिए। इन सभी चीजों का समावेश इस योजना में होगा। जैसे ही यह योजना तैयार होगी वैसे ही इस योजना के आधार पर निगम के द्वारा कामकाज शुरू किया जाएगा।



बेटमा उपमंडी के निर्माण पर किसान मोर्चा का सवाल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

किसान मोर्चा और मजदूर सेना से जुड़े बबलू जाधव, शैलेंद्र पटेल, सतीश मकवाना, चंदन सिंह बड़वाया ने सवाला उठाया कि बेटमा कृषि उपज मंडी बोर्ड द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से स्वीकृत निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण कार्य में सामग्री कमजोर लगाई जा रही है, जिससे निर्माण कमजोर गुणवत्ता का दिख रहा है, जो रेत उपयोग में लाई जा रही है वह भी कमजोर क्वालिटी की है। मंडी से व्यापारी और किसानों का आना-जाना जुड़ा रहेगा, कमजोर निर्माण के कारण कोई घटना घट सकती है इस पर भी चिंता जताई गई। उपमंडी किसानों की सुविधा और भविष्य को ध्यान में रखकर बनाई जा रही है। जब करोड़ों रुपया खर्च किया जा रहा है तो निर्माण की गुणवत्ता पर भी ध्यान देना चाहिए। अगर कोई घटना होती है, तो संबंधित अधिकारी और ठेकेदार जिम्मेदार होंगे। मांगकर्ताओं ने कहा कि निर्माण सामग्री की तत्काल तकनीकी जांच कराई जाए, अगर सामग्री खराब निकलती है तो ठेकेदार को ब्लेक लिस्ट किया जाए। गड़बड़ी पाई जाए तो अधिकारियों पर भी कार्रवाई हो। उक्त पूर्ण जानकारी बबलू जाधव ने दी।

इंदौर में तापमान फिर गिरा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर में नागरिकों को एक बार फिर ठंड का एहसास हो गया है। तापमान ने नीचे की तरफ गोता लगा दिया है। शहर का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया है।

न्यूनतम तापमान 11 डिग्री से नीचे पहुंचा

अभी एक दिन पहले ही शहर का अधिकतम तापमान 29.5 और न्यूनतम तापमान 13.2 डिग्री सेल्सियस था। मात्र 24 घंटे में तापमान में बड़ा बदलाव आ गया है। इस अवधि में तापमान भी गिर गया और हवा भी तेज हो गई। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इंदौर का अधिकतम तापमान 29.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, जबकि न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री सेल्सियस रहा है जो कि सामान्य तापमान से 3 डिग्री सेल्सियस कम रहा। इसके साथ ही 17 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा भी चली। आज प्रातः 8.30 बजे तापमान 16.8 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह के समय पर 9 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चल रही थी।

कल सांची डेयरी मुख्यालय पर संयुक्त किसान मोर्चा का धरना-प्रदर्शन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

स्थानीय समस्याओं को लेकर होगा हंगामा

संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर कल 26 नवंबर को सुबह 11 बजे सांची दूध डेयरी मुख्यालय, तलावली चांदा में किसानों एवं मजदूरों की मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

आंदोलन में एमएसपी गारंटी कानून बनाने, स्वामीनाथन आयोग के सी-2 लागत के आधार पर फसलों का समर्थन मूल्य देने, किसानों की संपूर्ण कर्जमाफी तथा चारों श्रम संहिताएं रद्द करने की मांग प्रमुखता से उठाई जाएगी। इसके साथ ही इंदौर जिले के दुग्ध उत्पादक किसानों को सांची दूध का 12 रुपये प्रति फैट के मान से भुगतान, मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार 5 रुपये प्रति लीटर बोनस देने, इंदौर जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने, जंगली नीलगाय (रोजड़) एवं जंगली सूअरों से फसलों को हो रहे नुकसान पर रोक लगाने तथा किसानों के बिजली बिल माफ करने की मांग की जाएगी। किसान नेताओं ने कहा कि किसान लगातार बढ़ती लागत, फसलों के उचित दाम नहीं मिलने, प्राकृतिक संकट और जंगली जानवरों से फसल बर्बादी जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। अब किसान और मजदूर अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करेंगे। आंदोलन में किसान संघर्ष समिति के रामस्वरूप मंत्री, बबलू जाधव, चंदन सिंह बड़वाया, शैलेंद्र पटेल, अरुण चौहान, रुद्रपाल यादव, सोनू शर्मा मौजूद रहेंगे। पूरे समय हंगामे की उम्मीद इस धरना प्रदर्शन के दौरान होगी।

कृषि उपज मंडी का राजस्व 51 करोड़ के पार हुआ

वर्ष के पहले ही पिछले साल के राजस्व का रिकार्ड टूटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



इंदौर कृषि उपज मंडी ने राजस्व संग्रहण के क्षेत्र में नया इतिहास रच दिया है।अधिकारी और पदाधिकारियों की जागरूकता के चलते कुशल नेतृत्व, दूरदर्शी कार्यशैली, बेहतर प्रबंधन और लगातार निगरानी का परिणाम है कि मंडी ने पिछले पूरे वित्तीय वर्ष के मंडी शुल्क संग्रहण का रिकॉर्ड इस बार करीब चार महीने पहले ही तोड़ दिया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में मंडी ने कुल 50.65 करोड़ रुपये का मंडी शुल्क संग्रहित किया था, जबकि चालू वित्तीय वर्ष में 22 नवंबर 2026 तक ही यह आंकड़ा 51 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। इसे कुशल कार्यशैली और बेहतर प्रबंधन और सख्त निगरानी भी बताया। कुछ लोगों ने इसके पीछे मंडी सचिव की कुशल कार्यशैली भी बताई। मंडी में राजस्व वसूली में पारदर्शिता रखने और अनधिकृत वाहनों के प्रवेश पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाए। चेकिंग नाकों और प्रवेश द्वारों पर सख्त निगरानी के साथ फल-सब्जी मंडी की व्यवस्थाओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया। मंडी अधिकारी, कर्मचारी और सुरक्षा कर्मियों के साथ व्यापारी और किसानों का सहयोग भी बताया गया। पिछले पूरे वर्ष का रिकार्ड टूट चुका है और अभी चार माह से अधिक का समय बाकी है।



सर्वोदय स्कूल के बच्चों ने प्रतियोगिता में की जलेबी खाने की कोशिश

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सर्वोदय बाल विनय मंदिर स्कूल सदर बाजार के नर्सरी बच्चों के बीच जलेबी प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। एक निर्धारित ऊंचाई पर जलेबी लटकाई गई थी और इन बच्चों को बगैर हाथ लगाए जलेबी को खाना था। कई बच्चों ने जलेबी खाकर प्रतियोगिता में अग्रणी भूमिका निभाई, कुछ बच्चों के मुंह में जलेबी का टुकड़ा आया तो कुछ ने पूरी ही जलेबी मुंह में ले ली, तो कुछ जलेबी का टेस्ट लेने से भी वंचित रह गए।

14 संतों का प्रथम दीक्षा दिवस मनाया



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। दिगम्बर जैन मंदिर क्लर्क कॉलोनी पर 14 संतों का प्रथम दीक्षा दिवस मनाया गया। संत सुधा सागर महाराज का सानिध्य भी मिला। भगवान का 108 कलशों से महास्तकाभिषेक किया गया। संतों को शास्त्र भी भेंट किए गए। आनन्द गोधा, विजय धुर्रा, अनुराग जैन, हर्ष जैन, अक्षय कासलीवाल, आकाश जैन कोयला, सौरभ बडजात्या, संजय सामरिया, अनिल सामरिया, नरेश जैन सहित अन्य मौजूद थे।

भुराडिया के छायाचित्रों की प्रदर्शनी लगेगी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। लेखिका निर्मला भुराडिया के निर्मल छाया चित्रों की प्रदर्शनी 5 एवं 6 दिसम्बर को शाम 6 से रात्रि 10 बजे तक गैलरी आनंदा शांति निकेतन कालोनी बाम्बे हास्पिटल के पीछे आयोजित की जाएगी।



भगवान नृसिंह के लगे जयकारे

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। नृसिंह बाजार स्थित प्राचीन नृसिंह मंदिर में देव दीपावली पर भगवान को 56 भोग लगाए और महाआरती की गई, श्रद्धालुओं ने भगवान के जयकारे भी लगाए। पं. छोटेलाल शर्मा, घनश्याम विजया काकांणी, उदित, अक्षिता काकाणी, राकेश, प्रीति काकाणी, अमित, पिंकी गर्ग सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद थे।

हंसराज जैन को श्रद्धांजलि



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्वेताम्बर जैन समाज की कई संस्थाओं और ट्रस्ट के अलावा क्लाथ मार्केट एसोसिएशन, स्कूल, अस्पताल, ट्रस्ट से जुड़े रहने वाले हंसराज जैन का कल निधन हो गया। समाज की कई संस्थाओं और मंदिर पदाधिकारियों से लेकर समाजजनों ने जैन के निधन पर श्रद्धांजलि दी। स्वप्निल कोठारी, अक्षय बम, कांतिलाल बम, अक्षय जैन, विजय मेहता, शेखर गेलड़ा, मनीष सुराणा, सुधीर सेठिया, मनीष शाह, विनोद जैन, नरेन्द्र जैन भटेवरा, प्रकाश भटेवरा, दीपक जैन टीनू, अरुण मेहता, सुरेन्द्र मेहता, पुंडरकि पालरेचा, राजकुमार सुराणा, अतुल जैन, सचिन जैन, हर्ष जैन, मनोज जैन, प्रदीप जैन, कैलाश नाहर,विमल नाहर, विजय ललवानी रजनीश चोरड़िया, सुरेंद्र छाजेड़, संतोष मामा, संजय मोगरा, सुनील गांग, शांतु पालरेचा, मनोहर लोढा, दिनेश हुंडिया, पुखराज पामेचा ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।



खजराना बप्पा के छप्पन भोग दर्शन कलेक्टर-कमिश्नर ने किए

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कल कार्तिक पूर्णिमा पर श्री गणपति मंदिर खजराना में भगवान को छप्पन भोग लगाए, कलेक्टर शिवम वर्मा, निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने मंदिर पहुंचकर भगवान की पूजा आराधना कर छप्पन भोग श्रृंगार दर्शन भी किए। प्रसादी का आयोजन भी किया गया। करीब 3 हजार श्रद्धालुओं ने प्रसादी भी ली। इस दौरान अशोक भट्ट, जयदेव भट्ट, सुमित भट्ट, सतपाल महाराज, विनीत भट्ट, राजेश वर्मा, आकाश राठौर, श्री नेगी, जया, अलका भी मौजूद रहे।

जैन समाजजन रहे चातुर्मास परिवर्तन उत्सव में मौजूद

साकार हुआ शत्रुंजय तीर्थ का दिव्य स्वरूप

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट





श्री नीलवर्णा पार्श्वनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक ट्रस्ट, कंचनबाग के तत्वावधान में कंचनबाग श्रीसंघ ने मुनि लब्धिरत्न सागर म.सा. एवं शौर्यरत्न सागर म.सा. के सानिध्य में चातुर्मास परिवर्तन उत्सव मनाया। कंचनबाग श्रीसंघ में पहली बार साकार हुआ शत्रुंजय तीर्थ का दिव्य स्वरूप, पाँच चैत्यवंदन स्थलों के साथ मनाया और पाँच चैत्यवंदन स्थलों पर श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से आराधना की।बडी संख्या में जैन समाजजन मौजूद रहे। विजय मेहता ने बताया कि चातुर्मास परिवर्तन के बाद संतों का मंगल प्रवेश हुआ, धर्मसभा भी हुई। विजय मेहता, कल्पन गाँधी, अनिल रांका, प्रमोद सेठी, रुपेश शाह, डॉ. बसंत लुनिया, निर्मला प्रकाश वोहरा, विमल नाहर, दिलीप सेक्रेटरी सहित सैकड़ों समाजजन मौजूद थे।



पंवार समाज के मिलन में प्रतियोगी गेम

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। क्षत्रिय पंवार समाज का मानवता नगर स्थित परिसर में पारिवारिक मिलन समारोह आयोजित किया गया। बडी संख्या में बुजुर्ग, महिला पुरुष और युवा शामिल हुए। बच्चों और महिलाओं ने प्रतियोगी गेम में शिरकत कर पुरस्कार भी जीते। सामूहिक भोज का आयोजन भी हुआ। समाज उत्थान और संगठन मजबूती पर भी जोर दिया गया। मोहन चौधरी, घनश्याम हजारे, मधुकर ढांडारे, नत्थूलाल पंवार, गगन पंवार, राम पंवार, राजू पंवार, अमित बारंगे, मनोहर गोहिते, मनीष सिंह पंवार, मयंक पंवार, पप्पू पंवार आदि उपस्थित थे।

संत लादूनाथ के भक्तों ने लिया अन्नकूट महोत्सव में संकल्प

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। माली मोहल्ला स्थित संत लादूनाथ महाराज आश्रम में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन चातुर्मास समापन पर महंत रामकिशन महाराज के सानिध्य में किया गया। भजन संध्या का आयोजन भी हुआ और छप्पन भोग भी लगाए गए, बाहर से भी संतों का आगमन आयोजन के लिए हुआ था। जूठन नहीं छोड़ने, पानी की बूंद-बूंद बचाने का संकल्प भी दिलाया गया। विजय अग्रवाल, योगेश सचिन सुईवाल ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा पर रामायण पाठ का विराम भी हुआ था। पूजन, अर्चन, यज्ञ, हवन के बाद सभी देवालयों में पूजन-अर्चन, यज्ञ हवन के बाद शाम को छप्पन भोग, आरती और प्रसादी का आयोजन किया गया। कई राजनेताओं ने भी शिरकत की। हरि अग्रवाल, दामोदर सुईवाल, रमेश खरवड, मांगीलाल मावर, सत्यनारायण जाट, बंकटलाल पांड्या, रोहित सियोटा, रामलाल सावरवाल, संजय जैन, जितेन्द्र जैन, बाबूलाल जैन, घनश्याम गुप्ता सहित अन्य पहुंचे थे। इधर विधायक मालिनी गौड़, एकलव्यसिंह गौड़, भारतसिंह रघुवंशी, विकास बैरागी ने भी शिरकत की।



लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में सवा लाख आहुतियां



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बिजासन रोड स्थित विद्याधाम मंदिर के यज्ञशाला में कार्तिक माह में चले लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की पूर्णाहुर्ति कल हुई। 21 विद्वानों ने पूरे माह महायज्ञ में मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं से आहुतियां प्रदान करवाई। कुल सवा लाख आहुतियां दी गई, कल समापन हुआ। मंदिर में कल कार्तिक पूर्णिमा में शाम को दीपदान का आयोजन भी हुआ। पर कल महिलाओं ने सुन्दरकांड का पाठ भी किया। महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानन्द सरस्वती का सनिध्या मिला।

महिलाओं ने किया सुन्दरकांड पाठ एवं दीपदान

जैन समाजजनों ने लिया 12 माह भोजनशाला प्रारम्भ करने का संकल्प

संत की निश्रा में भावयात्रा, धर्मसभा एवं दीक्षा के मुहूर्त की घोषणा, बडी संख्या में जैन समाजजन रहे मौजूद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



केसरी वाटिका में चातुर्मास समापन के बाद कल कार्तिक पूर्णिमा पर गच्छाधिपति नित्यसेनसूरीश्वर म.सा. और मुनिमंडल ने बिजासन रोड से धार रोड सिंहासा स्थित जयंतसेनधाम तक विहार किया। बडी संख्या में जैन समाजजन जयंतसेन धाम में मौजूद रहे। संत की निश्रा में जयंतगिरिराज की भावयात्रा, देववंदन, धर्मसभा एवं दीक्षा के मुहूर्त का आयोजन हुआ। इस अवसर पर लगभग 2000 श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को भव्य बना दिया। गच्छाधिपति ने मंगलाचरण कर उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं को मंगल आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने जयंतसेन धाम में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 12 माह भोजनशाला प्रारंभ करने की प्रेरणा दी। गुरुदेव के आदेश पर 36 व्यक्तियों ने भोजनशाला के संचालन हेतु अपने नाम प्रस्तुत कर इस सेवा कार्य में सहभागी बनने का संकल्प लिया। राजेश जैन युवा ने बताया कि मुनिराज डॉ. सिद्धरत्न विजय म.सा.. विद्वदरत्न विजय म.सा., चारित्ररत्न विजय म.सा. ने भी सार्थक प्रवचन दिए। धर्मसभा में दीक्षार्थी मान्या बेन धरु (उम्र 19 वर्ष) एवं अहमदाबाद निवासी भूपेंद्र भाई धरू के दीक्षा प्रसंग का मुहूर्त प्रदान किया गया। स्वामी वात्सल्य का आयोजन किया गया। नीरज सुराणा, महेन्द्र बागवाला, राजेश जैन युवा, धनराज संघवी, प्रभात चोपडा, प्रभात जैन, राजेन्द्र रुणवाल, तेजकुमार बम्बोरिया, रजत कावडिया, राजेन्द्र पारेख, वीरेन्द्रकुमार लुंक्कड़, सुरेन्द्रकुमार सुराणा, अनिल सकलेचा, दिनेश मेहता, श्रीपाल सकलेचा, रवि रांका, मुकेश पोसीत्रा, ललित जैन, मनोज जैन, महेश पीपाड़ा, पंकज पारेख, नरेंद्र राठौर, राकेश पार्श्वनाथ, रितेश लुंकड़, सुभाष श्रीमाल, पंकज कटारिया, शैलेन्द्र सुराणा, शशिकांत सकलेचा, रजत कावडिया मौजूद थे।

जैन ग्रुप की साधारण सभा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मानव सेवा में अग्रणी, जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीज़न की मासिक साधारण सभा और दीपावली मिलन का आयोजन दम्पति सदस्यों के साथ किया गया। अंताक्षरी का आयोजन भी



हुआ। सर्वश्रेष्ठ परिधान बेस्ट ड्रेसेंड को पुरस्कृत किया गया। समाजसेवी डॉ. ज्ञानचंद काकेड़ और चार वरिष्ठों का सम्मान किया गया। अंताक्षरी का संचालन चंद्रकुमार फतेहपुरिया ने किया। संचालन अरविन्द चौधरी एवं आभार जिनेन्द्र पारख ने माना। भंवरलाल कासवा, विजयसिंह नाहर, अशोक सोजतिया, सुरेश जैन, चंद्रकुमार फतेहपुरिया, प्रकाश कांकरिया, श्रेणिक तांतेड, सुरेश सकलेचा मौजूद थे।

दिगंबर जैन महासमिति मन्ध्यांचल का अधिवेशन

सोशल मीडिया से सामाजिक उत्थान पर हुई चर्चा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



दिगम्बर जैन महासमिति मन्ध्यांचल द्वारा प्राकृताचार्य श्री 108 सुनिलसागर म.सा. व ससंघ के सानिध्य में अधिवेशन का आयोजन सन्मति समवशरण नेमीनगर जैन कालोनी स्थल पर किया गया। सोशल मीडिया से समाज उत्थान पर परिचर्चा में आचार्य सुनिलसागर म.सा. ने कहा कि नेगेटिव खबरों को अन्तर्मन में उतारकर सकारात्मक खबरों को फॉरवर्ड करे, निर्धन व कमजोर सामाजिक बंधुओं की सोशल मीडिया के माध्यम से उनके रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में मदद करे,राजनैतिक क्षेत्र में समाज बंधु आगे बढ़ता है तो उसका हाथ पकड़कर आगे करे, सहयोग करे, टांग खींचकर नीचे की और धकेलना नही चाहिए। सोशल मीडिया के द्वारा उसका प्रचार कर सकारात्मक संदेश दे। आर्यिका श्री 108 सुदृढमती माताजी ने भी उदबोधन दिया। जैनेश झांझरी, वीरेन्द्र बड़जात्या, सुरेन्द्र जैन बाकलीवाल, अशोक जैन बड़जात्या, विनय बाकलीवाल, देवेन्द्र सोगानी, ऋषभ पाटनी, पूर्व पार्षद पवन जैन, डी.के. जैन, दीपक पाटनी, विपिन गंगवाल, डाली झांझरी, महावीर जैन, पवन पाटोदी, प्रकाश पाटनी, अनिल जैन जैनको, डॉ. संगीता विनायका, पराग जैन, विपिन जैन, संदीप गंगवाल, सोनू रितिका जैन, कल्पना जैन, स्मिता गंगवाल, किरण कासलीवाल, बबिता लुहाड़िया, आयुषी बाकलीवाल, कोमल जैन, डॉ. अर्चिता पाटोदी सहित अन्य मौजूद थे। ज्योति सेठी को महिला मन्ध्यांचल की नवगठित अध्यक्ष की शपथ सुरेन्द्र जैन बाकलीवाल ने दिलाई। कुसुम पंड्या ने पदभार ग्रहण किया। पत्रिका का विमोचन किया गया। आभार मन्ध्यांचल महामंत्री जैनेश झांझरी ने माना।



रोटरी क्लब मेघदूत ने बनाया सर्वाधिक अवॉर्ड पाने वाले क्लब का रिकार्ड

21 श्रेणियों में सम्मान प्राप्त किया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

रोटरी क्लब ऑफ इंदौर मेघदूत ने अपनी सामाजिक जनकल्याणकारी और सेवा गतिविधियों पर गार्डन में आयोजित समारोह परितोष-5 में 21 श्रेणियों में सम्मान प्राप्त कर रीजन-5 का सर्वाधिक अवॉर्ड पाने वाले क्लब का रिकार्ड प्राप्त किया। क्लब का सम्मान कर प्रमाण पत्र दिए गए। क्लब ने पिछले चार महीनों में कुल 105 सेवा गतिविधियाँ आयोजित कर रिकार्ड बनाया। रोटरी गवर्नर संस्कार कोठारी ने अध्यक्ष विनय गुप्ता को सम्मानित भी किया। क्लब के विनय गुप्ता, विनोद वर्मा, घनश्याम सिंह, ने पुरस्कार प्राप्त किए। क्लब के 15 सदस्य एकजुटता के साथ मौजूद रहे।

लघु कथा सम्मेलन में 'एहसासों का उजाला' का विमोचन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। हिंदी साहित्य समिति में क्षितिज संस्था के अखिल भारतीय लघुकथा सम्मेलन में डॉ. मनीष दवे की 20वीं कृति 'एहसासों का उजाला' का विमोचन हुआ। 40 प्रेरणादायक कहानियों के इस संग्रह का विमोचन डॉ. विकास दवे, भागीरथ परिहार, नंदकिशोर बर्वे, ज्योति जैन, तनुजा चौबे, श्रीमती भटनागर, अदितिसिंह भदौरिया ने किया। दवे का सम्मान भी किया गया। योगेंद्रनाथ शुक्ल, सुरेश रायकवार, दीपक गिरकर, हरेराम बाजपेयी, देवेंद्र सिंह सिसोदिया, मुकेश इंदौरी, रश्मी चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।





शिक्षा सेमिनार आयोजन में सम्मान भी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। माणिक बाग रोड़ इंदौर स्थित एकेडमी के सेमिनार हॉल में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर एएमपी और शाहीन ग्रुप्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिक्षा सेमिनार में इंदौर के प्रसिद्ध शिक्षाविद प्रिन्सिपल मोहम्मद अनवर खान को नैशनल अवॉर्ड फॉर सोशियल एक्सीलेंस चेंज मेकर अवार्ड देकर सम्मानित किय।, प्रिन्सिपल मोहम्मद अनवर पिछले 26 वर्षों से माणिकबाग़ क्षेत्र की श्रमिक बस्तियों के जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा सहायता देकर शिक्षित कर रहे है। दानिश खान, अनीस कुट्टी, मुश्ताक खान, जुबेर, हलीम खान, आदिल सईद, रिजवान भाई, सुबुर अहमद सहित अन्य मौजूद थे।

वेंकटेश मंदिर देव दिवाली पर दीपों से जगमग

कार्तिक पूर्णिमा पर लगे 21 हजार दीपक, भक्तों ने स्वर्ण स्तम्भ पर दीपदान किया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



श्रीलक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान छत्रीबाग में कार्तिक पूर्णिमा पर देव दीपावली का आयोजन किया गया। 21 हजार दीपों की रोशनी से लक्ष्मी वेंकटेश भगवान का दरबार और स्थल जगमगा उठा। भक्तों ने अपने भगवान के साथ देव दिवाली और कार्तिक पूर्णिमा मनाई। भक्त घर से दीपक लेकर आए थे और भक्तों ने स्वर्ण स्तम्भ पर दीपदान भी किया। दीपों से सज्जित शंख चक्र तिलक ने भक्तो का मन मोहा। दीपों की रोशनी में भगवान के मनोहारी दर्शन हो रहे थे। श्रद्धालु गोविन्द के जयघोष भी लगा रहे थे और पटाखे भी फोड़ रहे थे। स्वामी विष्णुप्रपन्नाचार्य महाराज का मंगल सान्निध्य भी मिला। इत्र की खुशबू और दीपों की रोशनी से मंदिर महक और रोशन हो रहा था। भजनों की प्रस्तुति भी हुई, रंगोली को भी निहारा गया। वेंकटेश स्तोत्र,आलवन्दार,वेंकटेश प्रपत्ति, गुरु परंपरा, श्री सूक्त,पुरुष सूक्त सहित अनेक पाठों का गान हुआ। शाम को महाआरती के बाद भगवान के पट खुले तो गोविन्दा के जयघोष भी हुए और आतिशबाजी भी की गई। पंकज तोतला ने बताया कि इस अवसर पर रवीन्द्र धूत, अशोक डागा, भरत तोतला, पवन व्यास, हर्ष पसारी, लक्ष्मीकांत लड्ढा, महेंद्र नीमा, पदमेश मूंदड़ा, शेषनारायण भूतड़ा, गजेंद्र राठौड़ सहित अन्य मौजूद थे।

रेलवे पुलिस आवासीय परिसर में मिलेगी नई सड़क की सौगात

45 लाख से ज्यादा खर्च कर आवासीय क्षेत्र में होगा सीमेंट कांक्रीट कार्य

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। राऊ विधानसभा के अंतर्गत बिचौली हप्सी रोड़ पर स्थित रेलवे पुलिस आवासीय परिसर क्षेत्र में सालों बाद रहवासियों की मांग पर अब नई सड़क निर्माण की सौगात मिलने वाली है। जिसके तहत कनाड़िया रोड़ से भूरी टेकरी के पास बिचौली हप्सी रोड़ पर रेलवे पुलिस की सालों पुरानी कॉलोनी में आने - जाने के मुख्य मार्ग की सूरत बदलने के लिए यहां रहने वाले रेलवे पुलिस परिवारों की मांग पर लंबे समय बाद अब नई सीमेंटेड सड़क निर्माण का कार्य बेहद जल्द आने वाले दिनों में शुरू किया जाएगा। जिसको लेकर वर्तमान में निविदा संबंधित प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

अगले माह पुलिस कॉलोनी आवासीय क्षेत्र में शुरू होगा काम- वहीं बड़ी बात यह है कि इस साल के अंत में अगले माह में बेहद जल्द रेलवे कालोनी आवासीय परिसर क्षेत्र बिचौली हप्सी रोड़ पर पहले से चौड़ी नई सीमेंटेड सड़क निर्माण कार्य शुरू करने की तैयारी है। जिसका फायदा आने वाले दिनों में यहां सालों से रेलवे पुलिस क्वार्टर क्षेत्र में रहने वाले पुलिस परिवारों को मिलने वाला है। यही नहीं इसके लिए यहां के रहवासी परिवार लगातार मांग कर रहे थे। जिस पर अब जाकर मांग पूरी होने पर रहवासियों में खुशी का माहौल है। लोगों का कहना है कि सालों बाद अब नई सड़क की सौगात मिलने वाली है।

नेशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में हो रहा सौन्दर्यकरण कार्य

- बाहरी परिसर में नवीन प्रवेश द्वार के साथ भीतर तक सजावटी कार्य

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

नंदानगर क्षेत्र में सुखलिया रोड़ पर स्थित नेशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट इंदौर में लाखों रुपए खर्चकर वर्तमान में प्रबंधन द्वारा सौंदर्य करण और नवीनीकरण के कार्य किए जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत बाहरी परिसर से लेकर भीतरी हिस्से तक एक से बढ़कर एक कई सजावटी और सजाने के कार्य किए जा रहें है। जिसके तहत बाहरी परिसर में भव्य नवीन प्रवेश द्वार का निर्माण किया गया है। इसके अलावा भीतर आकर्षक ब्लॉक लगाकर सजावटी कार्य किए जा रहे हैं। परिसर में स्थित बगीचों को भी संवारा जा रहा है ताकि यहां आने वाले छात्र-छात्राओं को सुविधा मिले। साथ ही परिसर के बाहर से ही सौन्दर्यकरण दूर से ही नजर आए।

दूर से ही नजर आ रही है प्रवेश द्वार की चमक

खास बात यह है कि सुखलिया रोड पर स्थित नेशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट इंदौर में लंबे समय के बाद प्रबंधन द्वारा बाहर से लेकर भीतर तक लाखों रुपए खर्च कर सौंदर्य करण और सजाने - संवारने के एक साथ कई कार्य किए जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत प्रमुख रूप से बाहर नवीन भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण भी किया गया है। साथ ही चारों नई सुरक्षा बाउंड्री वाल का निर्माण भी किया जा रहा है। इसके अलावा भीतर भी सौंदर्यीकरण के कार्य किए जा रहे हैं। जिसके तहत आकर्षक ब्लॉक लगाकर बाहरी और भीतरी परिसर को संवारा जा रहा है।



बगीचों में भी पेड़ पौधे लगाकर हरियाली और ग्रीनरी का काम किया जा रहा है। छात्र-छात्राओं के लिए बैठक व्यवस्था भी की जा रही है। बगीचे में सौंदर्यकरण के कार्य हो रहे है।

आईटीआई सेक्शन काम्पलेक्स का होगा नवीनीकरण

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। लोक निर्माण विभाग हेड क्वार्टर सब डिवीजन नंबर 1 के अंतर्गत इंदौर के सुखलिया क्षेत्र में आईटीआई सेक्शन के तहत रजत जयंती कॉम्प्लेक्स के आवासीय क्वार्टर में जनरल मरम्मत और नवीनीकरण के कार्य शुरू करेगा। जिसके अंतर्गत पीडब्ल्यूडी अफसरों ने इस कार्य को शुरू करने से पहले निविदा संबंधित प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। जिसको लेकर मेंटेनेंस कार्य के लिए पीडब्ल्यूडी के निर्माण और रिनोवेशन कार्य संबंधित विभाग के द्वारा लाखों रुपए खर्चकर रजत जयंती कॉम्प्लेक्स क्षेत्र में जनरल रिनोवेशन संबधित कार्य और अन्य नवीनीकरण कार्य शुरू करेगा। जिसका लाभ क्षेत्र के रहवासियों को आने वाले दिनों में मिलेगा।

पीडब्ल्यूडी हेड क्वार्टर डिविजन द्वारा कराया जाएगा काम

लंबे समय से थी शासकीय इमारत को रिनोवेशन की दरकार : दरअसल सुखलिया क्षेत्र में स्थित रजत जयंती कॉम्प्लेक्स के शासकीय क्वार्टर में मरम्मत और नवीनीकरण के साथ जनरल रिनोवेशन कार्यों की दरकार लंबे समय से थी। जिसको लेकर यहां के रहवासी लंबे समय से लोक निर्माण विभाग के अफसरों से रिनोवेशन कार्य शुरू करवाने की मंजूरी की माँग कर रहे थे। जिस पर अब अमल होने पर अगले माह में बेहद जल्द निविदा संबंधित कार्य पूरा होने के बाद जल्द नवीनीकरण कार्य भी शुरू हो जाएंगे।

नवरतन बाग

कर्मचारियों को मिलेगी नए क्वार्टर की सौगात

इंदौर। वन विभाग के अंतर्गत शहरी क्षेत्र में फॉरेस्ट कॉलोनी नवरतन बाग क्षेत्र में वन कर्मचारी के लिए नवीन आवास योजना के अंतर्गत आधुनिक क्वार्टर निर्माण की सौगात बेहद जल्द मिलने वाली है। जिसको लेकर विभागीय तैयारी शुरू हो गई है। बताया जा रहा है कि फॉरेस्ट कॉलोनी नवरतन बाग क्षेत्र में वन कर्मचारियों के लिए आवास की समस्या के समाधान के लिए शासन से मंजूरी मिलने के बाद आने वाले दिनों में नए साल से पहले क्वार्टर निर्माण के कार्य के लिए निविदा संबंधित प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी है, जिसका लाभ वन कर्मचारियों को भविष्य में मिलने वाला है।

कर्मचारियों के परिवार सालों से कर रहे थे नए क्वार्टर निर्माण की मांग : गौरतलब है कि फॉरेस्ट विभाग के वन कर्मचारी और परिवार के सदस्य लंबे समय से विभाग और शासन से नए क्वार्टर निर्माण की मांग कर रहे थे। शासन से मंजूरी मिलने के बाद कहा जा रहा है कि अब जल्द टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके बाद चुनिंदा कर्मचारियों के लिए वन विभाग द्वारा फॉरेस्ट कॉलोनी में नए क्वार्टरों का निर्माण कार्य जल्दी शुरू किया जाएगा, जिसका लाभ कर्मचारी और उनके परिवारों को आने वाले नए साल में मिलेगा। इधर कर्मचारियों के आवास की समस्या खत्म होने के बाद कर्मचारी और परिवार में खुशी है। आने वाले दिनों में उन्हें आवास संबंधी समस्या का निराकरण होने के साथ नए क्वार्टर निर्माण की सौगात मिलेगी, जिससे उन्हें काम करने में पहले की अपेक्षा अधिक सोहलियत होगी।

बड़ौदा दौलत, खुड़ैल, चौ खेमाना फाटा सहित आधा दर्जन गांवों से जुड़ा मार्ग बनेगा

दो बड़ी ग्रामीण सड़कों का होगा निर्माण

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। लोक निर्माण विभाग द्वारा अगले हफ़्ते टेंडर प्रक्रिया के बाद करीब साढ़े सात करोड़ से ज्यादा की लागत से बड़ौदा दौलत, खुड़ैल, चौखेमाना सहित आधा दर्जन गांवों से जुड़ने वाली दो बड़ी ग्रामीण सड़कों का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा जिसका फायदा दो विधानसभा से जुड़े आधा दर्जन से ज्यादा गांवों के हजारों ग्रामीण परिवारों को मिलेगा।



रात-दिन गुजरने वाले हजारों वाहन चालकों को भी मिलेगा फायदा– यही नहीं साथ ही इस क्षेत्र के मुख्य मार्ग से रात - दिन गुजरने वाले हजारों वाहन चालकों को भी इसका सीधा लाभ भविष्य में सड़कों का काम पूरा हो जाने के बाद मिलेगा। खास बात यह है कि उक्त दोनों सड़कों के लिए निविदा संबंधित तमाम प्रक्रिया दिवाली से पहले ही शुरू हो गई थी। वहीं अब अगले हफ्ते 18 नवंबर के आसपास टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद बेहद जल्द पीडब्ल्यूडी अफसरों द्वारा निर्माण एजेंसी से यहां की सड़कों का काम जल्द शुरू करवाने की तैयारी है। जिसको लेकर निविदा प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है। पीडब्ल्यूडी अफसरों के मुताबिक बड़ौदा दौलत मेंनरोड से खुड़ैल, सेमलिया चाऊ चौ खेमाना फाटा रोड़ सहित आधा दर्जन से ज्यादा गांव को जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग का चौड़ीकरण और निर्माण कार्य अगले माह में बेहद जल्द शुरू किया जाएगा। जिसको लेकर वर्तमान में पीडब्ल्यूडी अफसरों की विभागीय तैयारी अंतिम दौर में है।

दिव्य शक्ति पीठ के पास नवीन यात्री प्रतीक्षालय का होगा निर्माण

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग संभाग 1 इंदौर (पीडब्ल्यूडी) द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए विधानसभा 5 के मूसाखेड़ी क्षेत्र में पुलिस पेट्रोल पंप के पास शांति नगर चौराहे पर नवीन यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा एमआर 10 रोड़ पर दिव्या शक्तिपीठ मंदिर के बाहर बायपास से जुड़ने वाले मुख्य मार्ग पर मंदिर के बाहरी परिसर पर अत्याधुनिक नवीन यात्री प्रतीक्षालय का नव निर्माण कार्य बेहद जल्द इसी साल में शुरू करने की तैयारी है।



सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ यात्रियों को भी मिलेगा लाभ : नवीन आधुनिक बस स्टॉप यात्री प्रतीक्षालय का सबसे बड़ा लाभ मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के साथ आसपास के रहवासी और रात -दिन यहां से गुजरने वाले हजारों यात्रियों को भी मिलेगा। जिसको लेकर लोकनिर्माण विभाग के निर्माण प्रोजेक्ट से जुड़े अफसरों ने पिछले दिनों निविदा जारी कर काम शुरू करने की तैयारी भी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है इसके अलावा आधा दर्जन अन्य जगह भी बेहद जल्द नवीन यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कार्य शुरू होगा। जिसका लाभ लोक परिवहन साधनों का उपयोग करने वाले हजारों यात्रियों को मिलेगा।

संपादकीय

किसानों के मुद्दे पर टूटा गठबंधन फिर जुड़ा, सत्ता के लिए विचारधारा भी बदल गई

पंजाब में आज भी किसान केंद्र सरकार की नीतियों को कठघरे में खड़ा करते हैं। ऐसे में शिअद और भाजपा के साथ आने की घोषणा के समय को लेकर स्वाभाविक ही सवाल उठ रहे हैं। एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक दलों को यह तय करने का अधिकार है कि वे चुनाव के मैदान में उतरने के लिए अपना मोर्चा कैसे तैयार करते हैं और किस पक्ष में खड़े होते हैं। मगर इसी लोकतंत्र की गरिमा यह जिम्मेदारी भी तय करती है कि आम जनता के भरोसे के साथ खिलवाड़ न किया जाए। सवाल है कि देश की राजनीति में इस तकाजे का खयाल रखने की कसौटी पर कितने राजनीतिक दल खरे उतर पाते हैं और कितनों को इस बात की फिक्र करने की जरूरत महसूस होती है कि आम जनता उसके रुख के बारे में क्या सोचेगी। पंजाब की राजनीति में शिरोमणि अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी के बीच फिर से चुनावी साझेदारी की घोषणा कोई हैरान करने वाली घटना नहीं है। इससे पहले भी भाजपा-शिअद गठबंधन में साथ रहकर सरकार भी बना चुके हैं। मगर विचारधारात्मक रूप से एक-दूसरे से भिन्न मोर्चे पर होने और जनता से जुड़े मुद्दों पर संबंध टूटने के बाद अगर सत्ता हासिल करने की होड़ में फिर से एक-दूसरे के साथ आने की जरूरत पड़ रही हो, तो यह जितना लोकतांत्रिक व्यवस्था की सुविधा है, उससे ज्यादा इसे अवसर की राजनीति के तौर पर देखा जाएगा। गौरतलब है कि केंद्र सरकार के तीन कृषि कानूनों के मसले पर किसानों के बीच उभरे व्यापक विरोध के बाद शिरोमणि अकाली दल और भाजपा का गठबंधन सितंबर 2020 में टूट गया था। तब भाजपा की सरकार पर किसानों के हितों को नजरअंदाज करने के आरोप के साथ शिअद सांसद हरसिमरत कौर बादल ने केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। पंजाब में आज भी किसान केंद्र सरकार की नीतियों को कठघरे में खड़ा करते हैं। ऐसे में शिअद और भाजपा के साथ आने की घोषणा के समय को लेकर स्वाभाविक ही सवाल उठ रहे हैं। राज्य में मजबूत उपस्थिति रखने वाले दलों के बीच छह सालों के अलगाव के बाद शिअद और भाजपा के फिर साथ आने को कोई सकारात्मक लोकतांत्रिक राजनीति नहीं, बल्कि अवसरवाद और सत्ता की भूख में बिना जवाबदेही के पुनर्मिलन के तौर पर देखा जा रहा है। अब यह देखने की बात होगी कि जिन मुद्दों पर शिअद ने भाजपा से दूरी बनाई थी, उस पर जनता की ओर से उठे सवालों पर उसका क्या रुख होता है। ऐसे उदाहरण अक्सर सामने आते रहते हैं, जिसमें सत्ता की सियासत में आम जनता की भावनाओं और विचार को दरकिनार कर पार्टियां सुविधा के हिसाब से अपना पक्ष तय कर लेती हैं। ऐसे में होता यही है कि अगर किसी खास पार्टी को जनता ने उसकी विचारधारा के आधार पर समर्थन दिया होता है, तो अगले कुछ समय में वह पार्टी अपने विचारों के उलट किसी खेमे में दिखाई देती है। जनता के सामने सत्ता के ढांचे में अपनी लोकतांत्रिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए चुनाव में वोट डालना एक अहम विकल्प होता है। राजनीतिक दल इसी को लोगों की मजबूरी समझते हैं और भावनात्मक मुद्दों को हवा देकर इसका इस्तेमाल अपने हक में करने से नहीं हिचकते। पंजाब में शिअद और भाजपा के साथ आने को भले ही चुनावी राजनीति की व्यावहारिक वास्तविकता बता कर उचित ठहराने की कोशिश की जाए, लेकिन सच यही है कि विधानसभा या लोकसभा चुनाव के ऐन पहले सत्ता हासिल करने के लिए अपनी विचारधारा और नैतिकता को दरकिनार कर ऐसे गठबंधन बनते हैं, तो उसमें जनता के भरोसे की जगह कमजोर होती है।

शादी में प्लेट लगाने के विवाद में खोंचे व लोहे की रॉड से हमला

गार्डन में खूनी संघर्ष में 3 हुए घायल

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सांवेर थाना क्षेत्र के यादव गार्डन में आयोजित एक शादी समारोह के दौरान प्लेट लगाने को लेकर हुए मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोपियों ने खोंचे और लोहे की रॉड से हमला कर तीन लोगों को घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सांवेर पुलिस के अनुसार, शाजापुर जिले के ग्राम चोंसला निवासी फरियादी अंकित पिता उमराव सिंह ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि यादव गार्डन में विवाह कार्यक्रम के दौरान प्लेट लगाने की बात को लेकर आरोपी आकाश सिसौदिया और उसके भांजे ने विवाद शुरू कर दिया। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने अंकित और ओमप्रकाश के साथ मारपीट की तथा खाना बनाने में इस्तेमाल होने वाले खोंचे से उन पर वार किया। इसी बीच जब विकास बीच-बचाव करने के लिए आगे आया, तो आकाश के भांजे ने लोहे की रॉड से उस पर हमला कर घायल कर दिया।

यूपीआई के जरिए खाते से 1.79 लाख रुपए उड़ाए

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। हीरानगर थाना क्षेत्र के ईश्वर नगर निवासी विजय रायकवार पिता सुंदरलाल के कर्नाटक बैंक खाते से अज्ञात ठग ने यूपीआई के माध्यम से पांच बार में कुल 1,79,000 रुपए निकाल लिए। पीड़ित ने बैंक स्टेटमेंट निकालने के बाद साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत की। हीरानगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चोरों का कई जगह धावा

क्रॉकरी दुकान का ताला तोड़कर पौने पांच लाख रुपए चोरी

शटर उचकाकर वारदात

20 हजार नकद व ब्रास फिटिंग्स पार

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के केट रोड पर स्थित एक हार्डवेयर व सैनिटेशन की दुकान में चोरों ने शटर मोड़कर सेंध लगा दी। बदमाश काउंटर का लॉकर तोड़कर 20 हजार रुपए नकद और पीतल की सैनिटेशन सामग्री चुरा ले गए। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

राजेंद्र नगर पुलिस के अनुसार, द्वारकापुरी कॉलोनी सेक्टर-ए निवासी हिमांशु पाटिल पिता लक्ष्मण पाटिल केट रोड पर बीना सैनिटेशन नाम से दुकान संचालित करते हैं। सोमवार सुबह करीब 11 बजे वे दुकान पहुंचे तो शटर का निचला हिस्सा मुड़ा हुआ दिखा, हालांकि बाहर का ताला लगा था। भीतर जाकर जांचने पर काउंटर के लॉकर का कुंडा टूटा मिला और उसमें रखे करीब 20 हजार रुपए नदारद थे। इसके साथ ही दुकान में रखे ब्रास के नल, डाइवर्टर और पुश वाल्व भी चोरी हो गए। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर क्षेत्र के फुटेज और अन्य सुरागों के आधार पर चोरों की खोजबीन तेज कर दी है।

गल्ले का लॉक भी तोड़ा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बाणगंगा थाना क्षेत्र स्थित पोलो ग्राउंड इलाके में एक क्रोकरी दुकान से 4 लाख 75 हजार रुपए नकद चोरी होने का मामला सामने आया है। अज्ञात चोरों ने दुकान के शटर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और गल्ले का लॉक तोड़कर तीन-चार दिन की बिक्री की रकम पार कर दी। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

बाणगंगा पुलिस के अनुसार, खंडवा रोड स्थित ट्रायकोन सिटी निवासी फरियादी अनिल अरोड़ा पिता गोविंद राम अरोड़ा की पोलो ग्राउंड क्षेत्र में दिशा मार्केटिंग के नाम से क्रोकरी की दुकान है। फरियादी ने बताया कि 21 नवंबर की रात करीब 9 बजे वे दुकान का तीन-चार दिन का कलेक्शन गिनकर गल्ले में रखने के बाद शटर पर ताला लगाकर घर चले गए थे। अगले दिन यानी 22 नवंबर की सुबह करीब 9 बजे जब वे दुकान पहुंचे तो शटर का ताला टूटा और शटर खुला मिला। अंदर जाकर देखा तो गल्ले का लॉक भी टूटा हुआ था और उसमें रखे 4,75,000 रुपए गायब थे। फरियादी की रिपोर्ट पर बाणगंगा पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिए हैं।

कॉपर पाइप के 10 डिब्बे चोरी

तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के सिल्वर स्प्रिंग फेज-2 स्थित एडमिन बिल्डिंग परिसर से अज्ञात चोर सॉफ्ट कॉपर पाइप के 10 डिब्बे चोरी कर ले गए। राज गृही नगर निवासी फरियादी हर्ष वाल्टर की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जेवरात व नकदी पर हाथ साफ

गांधीनगर थाना क्षेत्र के अरिहंत नगर स्थित एक मकान को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। चोर घर से सोने-चांदी के आभूषण और नकदी समेटकर फरार हो गए। गोमटेश सिटी, अरिहंत नगर निवासी फरियादिया रेखा डोंगरे की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

कार पर लगी थी इमरजेंसी लाइट, तीन हजार का जुर्माना



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। तेजाजी नगर चौराहा पर यातायात पुलिस ने चेकिंग के दौरान कार क्रमांक एमएच 35 एजी 1340 को रोका। कार पर लाल कलर की इमरजेंसी लाइट चमचमा रही थी। पुलिस ने जब चालक से इसका कारण पूछा तो वह जवाब नहीं दे सका जिसके बाद चालक पर तीन हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस ने कार से लाइट भी निकलवाई।



कार में ले जा रहे थे शराब, पकड़ाए

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आबकारी विभाग ने धरमपुरी में एक संदिग्ध कार को रोका और जांच की। कार में 10 पेटी शराब रखी हुई थी। हालांकि चालक मौके से फरार हो गया। शराब और कार की कुल कीमत 8 लाख 50 हजार रुपए बताई जा रही है।



मेडिकल विद्यार्थियों के शोध को संघवी के देहदान से मिलेगा संबल

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। वैकुंठधाम कॉलोनी में रहनेवाले संघवी परिवार में कमलाबाई समरथमल संघवी का कल निधन हो गया। परिजनों ने उनकी इच्छा के अनुरूप उनके देहदान का निर्णय लिया, जिसके बाद परिवार के नरेंद्र, सुनील, मधु, उमरावमल, दिलीप, पंकज संघवी और रूपेंद्र जैन ने जिला प्रशासन से संपर्क कर देहदान के लिए कहा जिसके बाद प्रशासन ने संघवी को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ कमलाबाई को अंतिम विदाई दी। उनके देह को एलएन सिटी मेडिकल कॉलेज को सौंपा गया। इससे चिकित्सा क्षेत्र में शोध के लिए विद्यार्थियों को संबल मिलेगा।

सोना-चांदी के आज के भाव



गोल्ड कैश	एमसीएक्स
124500	121670
सिल्वर कैश	एमसीएक्स
147900	144200

फिजिकल भाव शाम को ओपन होगा ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

आधी रात को व्यापारी के घर पर हमला

अज्ञात स्कूटी सवार बदमाशों ने गमला फोड़ा व जान से मारने की दी धमकी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। एरोड्रम थाना क्षेत्र में आधी रात को अज्ञात बदमाशों द्वारा एक मकान को निशाना बनाने का मामला सामने आया है। स्कूटी सवार दो बदमाशों ने घर की बालकनी में वस्तु फेंककर हमला किया, जिससे गमला टूट गया और परिजनों को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एरोड्रम पुलिस के अनुसार, 60 फीट रोड स्थित सुखदेव नगर एक्सटेंशन निवासी नरेन्द्र अग्रवाल पिता मदनलाल अग्रवाल ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि देर रात करीब 1:15 बजे वे और उनका परिवार घर के भीतर सो रहे थे। तभी अचानक बालकनी में किसी वस्तु के टकराने की जोरदार आवाज आई, जिससे उनकी नींद खुल गई। फरियादी जब देखने पहुंचे तो बालकनी में रखा एक गमला नीचे गिरकर टूट चुका था। उन्होंने जब बालकनी से नीचे देखा तो स्कूटी पर सवार दो अज्ञात व्यक्ति तेजी से जाते हुए दिखे। जाते-जाते दोनों आरोपी गाली-गलौज करते हुए धमकी दे गए कि यदि पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई तो जान से खत्म कर देंगे। एरोड्रम पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर अज्ञात स्कूटी सवारों का सुराग जुटा रही है।

मोबाइल हैक होते ही खाते से उड़े 1.82 लाख रुपए

4 ट्रांजेक्शन से हुई ठगी का मामला पुलिस तक पहुंचा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में एक युवक का मोबाइल हैक कर बैंक खाते से 1 लाख 82 हजार 104 रुपए की ऑनलाइन ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने जब अगले दिन अपने खाते की स्थिति देखी तो चार ट्रांजैक्शन के जरिए बड़ी रकम निकल चुकी थी। शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

राजेंद्र नगर पुलिस के अनुसार, शिव सिटी सिल्वर निवासी फरियादी वैभव काकड़े पिता रमेश काकड़े ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि यह घटना 9 नवंबर की शाम करीब 6:40 बजे की है, जब उनका मोबाइल अचानक हैक हो गया और वे फोन को ऑपरेट नहीं कर पा रहे थे। अगले दिन जब उन्होंने अपना खाता चेक किया तो पता चला कि उनके बैंक खाते से कुल चार ट्रांजैक्शन हो चुके हैं। अज्ञात जालसाज ने धोखाधड़ी करते हुए उनके खाते से कुल 1,82,104 रुपए निकाल लिए। फरियादी की रिपोर्ट पर राजेंद्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है और तकनीकी साक्ष्यों व ट्रांजैक्शन डिटेल के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है।

8 लाख 70 हजार का माल ट्रांसपोर्टर ने कर दिया गायब

गाजियाबाद होजयरी कम्पनी को जाना था माल वहां भी नहीं पहुंचा और ना यहां वापस दिया, शिकायत के बाद पुलिस ने किया प्रकरण दर्ज

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में करीब 8.70 लाख रुपए कीमत का सामान ट्रांसपोर्ट के माध्यम से भेजने के बाद न तो प्राप्तकर्ता तक पहुंचने और न ही व्यापारी को वापस मिलने का मामला सामने आया है। पीड़ित व्यापारी की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिक जांच के बाद ट्रांसपोर्ट संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पंढरीनाथ पुलिस के अनुसार, रेशमवाला लेन निवासी फरियादी राहुल पिता बसंत कुमार डोसी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। फरियादी ने बताया कि उन्होंने 8,70,647 रुपए मूल्य के डिफेक्टिव अंडरगारमेंट्स का माल पालदा स्थित वेलकम ट्रांसपोर्ट के जरिए गाजियाबाद की कंपनी एम.वी. होजरी को वापस भेजने के लिए बुक कराया था। हालांकि, उक्त माल न तो गाजियाबाद में संबंधित फर्म को डिलीवर किया गया और न ही फरियादी को वापस लौटाया गया। प्राथमिक जांच में आवेदक के दस्तावेजों, कथनों तथा ट्रांसपोर्ट संचालक अशोक पिता रामचंद्र रामानी के बयानों का परीक्षण किया गया। जांच में गड़बड़ी और अमानत में खयानत की पुष्टि होने पर पुलिस ने ट्रांसपोर्टर के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

ओएलएक्स पर सस्ते फोन का झांसा देकर 61 हजार की ठगी, पुलिस ने 45 हजार रुपए कराए वापस

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। ओएलएक्स पर मोबाइल खरीदने के नाम पर ग्राहक और दुकानदार दोनों को झांसे में लेकर 61 हजार रुपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने के बाद इंदौर क्राइम ब्रांच की साइबर फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ठगी गई रकम में से 45 हजार रुपए आवेदिका को वापस दिला दिए हैं।

क्राइम ब्रांच के अनुसार, इंदौर निवासी आवेदिका ने ओएलएक्स पर मोबाइल खरीदने के लिए संपर्क किया था। इसी दौरान अज्ञात जालसाज ने खुद को मोबाइल डिस्ट्रीब्यूटर बताकर कम दाम में फोन उपलब्ध कराने का लालच दिया। आरोपी ने सैमसंग स्टोर संचालक को भी गुमराह किया और आवेदिका से अपने बैंक खाते में 61,000 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। भुगतान होते ही ठग ने अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया। घटना की शिकायत के बाद क्राइम ब्रांच की साइबर टीम ने संबंधित बैंकों से समन्वय स्थापित कर वैधानिक प्रक्रिया अपनाई, जिसके परिणामस्वरूप 45,000 रुपए की राशि वापस कराई जा सकी। पुलिस का कहना है कि बची हुई राशि की रिकवरी और अज्ञात ठग की गिरफ्तारी के लिए जांच व कार्रवाई निरंतर जारी है।

घर के बाहर कार खड़ी करने पर हुआ विवाद

मारपीट व तोड़फोड़ के बाद पुलिस कार्रवाई

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कनाड़िया थाना क्षेत्र में घर के सामने कार खड़ी करने को लेकर हुए विवाद ने मारपीट और तोड़फोड़ का रूप ले लिया। इस मामले में पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कनाड़िया पुलिस के अनुसार, कनाड़िया रोड स्थित वैभव नगर एक्सटेंशन निवासी फरियादी भीमसेन शर्मा पिता मांगीलाल शर्मा ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि वे अपनी कार लेने पहुंचे थे, तभी पड़ोस में रहने वाले आरोपी घनश्याम चौहान ने गाली-गलौज करते हुए सवाल उठाया कि घर के सामने कार क्यों खड़ी करके गए थे। भीमसेन शर्मा ने जब कहा कि वे कार लेकर जा ही रहे हैं और गाली क्यों दे रहे हैं, तो आरोपी भड़क गया। आरोप है कि घनश्याम चौहान ने फरियादी और उनके बेटे ऋषि शर्मा के साथ झूमाझटकी व हाथापाई शुरू कर दी। इसी दौरान आरोपी ने सड़क से पत्थर उठाकर कार पर दे मारा, जिससे ड्राइवर साइड की पिछली टेल लाइट टूट गई और कार पर खरोंचें आ गईं। जब फरियादी वहां से कार लेकर जाने लगे तो आरोपी ने दोबारा कार खड़ी करने पर जान से मारने की धमकी दी।

मालवा निमाड़ में अप्रैल से अब तक 2283 करोड़ यूनिट बिजली आपूर्ति

इंदौर। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा शासन के निर्देशों के अनुरूप गुणवत्ता से बिजली वितरण किया जा रहा है। जारी वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान 1 अप्रैल से अब तक 2283 करोड़ यूनिट बिजली वितरित की जा चुकी हैं। यह गत वर्ष समान अवधि से करीब 15 प्रतिशत ज्यादा है, गत वर्ष समान अवधि में पश्चिम मप्र में इस दौरान 1975 करोड़ यूनिट बिजली वितरण हुआ था। कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूपकुमार सिंह ने बताया कि पिछले 4 दिन से रिकार्ड मांग की स्थिति रही है। 4 दिनों में अधिकतम बिजली मांग 8100 मैगावाट से 8300 मैगावाट रही। 4 दिनों में दैनिक रिकार्ड आपूर्ति 13.75 करोड़ यूनिट, 4 दिन में कंपनी स्तर पर कुल खपत 55 करोड़ यूनिट रही। रबी सीजन की भारी बिजली मांग के चलते करीब 4 सप्ताह दैनिक खपत बारह करोड़ से अधिक रहने की संभावना है। मालवा-निमाड़ में करीब 14 लाख किसानों को सिंचाई के लिए बिजली वितरण होता हैं, रबी सीजन में सिंचाई कार्य के कारण ही बिजली की मांग अधिक बनी हुई है। वर्तमान में इंदौर जिले में दैनिक बिजली खपत 2.35 करोड़ यूनिट, धार जिले में दैनिक खपत 1.86 करोड़ यूनिट, उज्जैन जिले में दैनिक खपत 1.67 करोड़ यूनिट, देवास जिले में दैनिक खपत 1.26 करोड़ यूनिट, खरगोन जिले में 1.20 करोड़ यूनिट, रतलाम जिले में दैनिक बिजली खपत करीब 1करोड 5 लाख यूनिट दर्ज हो रही है।

अभिभाषकों के लिए ऑनलाइन आवेदन और शुल्क जमा हो

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इन्दौर अभिभाषक संघ, इन्दौर के पूर्व-अध्यक्ष गोपाल कचोलिया, अभिभाषक ने बताया कि म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद, जबलपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा और सचिव आशीष आनन्द से मांग की है कि मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के सदस्य अभिभाषकों के सभी कार्यों के आवेदन-फार्म ऑनलाइन भरने और निर्धारित शुल्क ऑनलाइन जमा करवाने की व्यवस्था प्रारम्भ की जाए। गोपाल कचोलिया ने बताया है कि परिषद द्वारा वर्ष 2025 से नवीन नामांकन का आवेदन-फार्म ऑनलाइन भरने और नामांकन शुल्क ऑनलाइन जमा करने की सराहनीय व्यवस्था प्रारम्भ की गई है। मुख्यमंत्री नवीन अधिवक्ता कल्याण योजना-2012 के अन्तर्गत 12,000 रुपये की धनराशि के लिए भी ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था है।

इसी तर्ज पर मूल सनद का शुल्क, व्यवसाय-स्थल परिवर्तन का शुल्क, परिचय-पत्र का शुल्क, सनद निलंबित करवाने का शुल्क, सनद पुनः बहाल करवाने का शुल्क, नॉमिनी का नाम परिवर्तित करने का शुल्क, अनुभव प्रमाण-पत्र का शुल्क, अनापत्ति प्रमाण-पत्र का शुल्क आदि अन्य सभी शुल्क भी ऑनलाइन जमा करवाने की व्यवस्था प्रारम्भ की जानी चाहिए। इससे अभिभाषकों को राहत मिलेगी।

गायकी के शौकीनों के लिए होगा एमपी आयडियल आडिशन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। वाइस ऑफ एमपी आयडियल आडिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 5 दिसम्बर को आडिशन और 6 दिसम्बर को सेमी फायनल होगा। गायकी के शौकीनों के लिए दो दिनों तक यह संगीत का आयोजन प्रेमचंद मेमोरियल एजुकेशन सोसायटी और पाखी इवेंट एंड म्यूजिकल ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में होगा। गायकी के शौकीनों को मौका मिलेगा इसके लिए समिति ने बैठक का आयोजन किया। बैठक में लोकेंद्र सिंह राठौर, सोनू गवते, सुनील सोलंकी, पत्रकार राजेश पिपलोदिया सहित अन्य लोग मौजूद थे। ऑडिशन में प्रतिभागियों को गीत का मुखड़ा और एक अंतरा प्रस्तुत करना होगा। सेमीफाइनल में चयनित गायक अधिकतम पांच मिनट का पूरा गीत सुना सकेंगे। पंजीयन शुल्क 500 रुपये एक बार देना होगा, जो वापस नहीं होगा। जजों का निर्णय अंतिम रहेगा।

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक बड़वानी
टी.बी वार्ड कम्पाउण्ड, जिला औषधि भण्डार के ऊपर-बड़वानी (म.प्र.) 451551

क्रं/रोकस/2026/9216 — बड़वानी दिनांक 23-11-2026

॥ ई-निविदा सूचना ॥

जिला चिकित्सालय बड़वानी में रोगी कल्याण समिति के माध्यम से वार्डो एवं विभागों हेतु डिजिटल एक्स-रे फिल्म, एवं अन्य उपचार से संबधित सामग्री की आपूर्ति किये जाने हेतु **Gem Portal** के माध्यम से ई-निविदा क्रमाक **Bid Number : GEM/2026/B/8306528 Dated: 23-11-2026** जारी की गई जिसका विवरण इस प्रकार हैः-

01. निविदा दस्तावेज ऑनलाईन क्रय करने का प्रारम्भ दिनाक	:-	23.11.2026 से
02. निविदा दस्तावेज ऑनलाईन क्रय करने का अंतिम दिनाक	:-	14.12.2026 तक
03. निविदा दस्तावेज ऑनलाईन जमा करने की अंतिम दिनाक	:-	14.12.2026 दोप 01:00 बजे
04. निविदा खोलने की तिथि एवं समय	:-	15.12.2026 दोप 01:00 बजे

नोटः-
01. निविदा से संबधित शर्ते विभागीय वेबसाईट https://gem portal.gov.in पर देखी जा सकती है।
02. तकनीकी निविदा मे सफल निविदाकारो को वित्तीय प्रस्ताव खोले जाने की पृथक से सूचना दी जावेगी।

(डॉ. मनोज खन्ना)
सचिव रो.क.स एवं सिविल सर्जन
जिला चिकित्सालय बड़वानी

जी-22003/26

वैभव सूर्यवंशी का मुरीद क्रिकेट जगत

हर कोई कर रहा तारीफ



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट के उभरते सितारे वैभव सूर्यवंशी ने अपनी धमाकेदार बल्लेबाजी से क्रिकेट जगत में तहलका मचा दिया है। इतनी कम उम्र में दोहरा शतक जड़कर उन्होंने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। वैभव की इस ऐतिहासिक पारी के बाद पूर्व और मौजूदा भारतीय क्रिकेटरों ने भी उनकी जमकर सराहना की है। वीरेंद्र सहवाग, रविचंद्रन अश्विन, सूर्यकुमार यादव और सुरेश रैना जैसे दिग्गज खिलाड़ी युवा बल्लेबाज के प्रदर्शन से काफी प्रभावित नजर आए।

पूर्व भारतीय विस्फोटक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने वैभव सूर्यवंशी की पारी की तारीफ करते हुए उनके आंकड़ों का जिक्र किया। सहवाग ने लिखा, '53 गेंदों में 204 रन और 28 छक्के! ईए स्पोर्ट्स क्रिकेट गेम में भी यह अविश्वसनीय लगता। वैभव सूर्यवंशी क्या कमाल के खिलाड़ी हैं। यह एक पीढ़ी में एक बार मिलने वाली प्रतिभा है।' रविचंद्रन अश्विन ने भी वैभव की बल्लेबाजी को अद्भुत बताया। उन्होंने लिखा, 'यह क्या है! अविश्वसनीय। आज पहले प्रियंश और अब यह युवा खिलाड़ी। इन खिलाड़ियों को बल्लेबाजी करते देखना इस बात का विनम्र एहसास कराता है कि क्रिकेट में लगातार कितनी प्रतिभा और क्षमता सामने आती रहती है।'

भारतीय टी20 टीम के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव भी वैभव की बल्लेबाजी से काफी प्रभावित हुए। उन्होंने युवा खिलाड़ी की तारीफ करते हुए लिखा, 'वैभव सूर्यवंशी, अब तुम मेरी प्रेरणा हो। क्या खिलाड़ी है!' पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने वैभव को असाधारण प्रतिभा का धनी बताया। उन्होंने लिखा, 'यह शानदार प्रतिभा है। इतनी कम उम्र में दोहरा शतक लगाना वैभव सूर्यवंशी की निडर मानसिकता और असाधारण क्षमता को दर्शाता है। बड़े सपने देखते रहो और चमकते रहो, युवा चैंपियन!'

इंदौर के केतन भारतीय स्नूकर टीम में

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

ओमान के मस्कट में आयोजित हो रही प्रतिष्ठित आईबीएसएफ वर्ल्ड कप और इंडिविजुअल स्नूकर चैंपियनशिप में भारत के दिग्गज क्यू खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं । इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश की ओर से इंदौर के केतन चावला भी भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

इस चैंपियनशिप के टीम इवेंट में भारत ने अपनी दो मजबूत टीमें उतारी हैं । केतन चावला को अनुभवी खिलाड़ियों के साथ टीम बी में शामिल किया गया है । भारतीय टीम ए टीम में पंकज आडवाणी, आदित्य मेहता और बृजेश दमानी तथा बी टीम में केतन चावला, सौरव कोठारी और मलकीत सिंह शामिल है ।

केतन चावला के चयन और अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने से खेल प्रेमियों और स्थानीय स्नूकर जगत में खासा उत्साह है। केतन के चयन पर बीएसएफआई के सचिव सुनील बजाज, एमपीबीएसए अध्यक्ष भोलू मेहता, अश्विनी पुराणिक ने शुभकामनाएं दी।



केतन

देपालपुर के महेश राठौर अफ्रीका में लड़ेंगे कुश्ती

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश कुश्ती संघ के ओमप्रकाश खत्री ने बताया कि इंदौर जिले देपालपुर के महेश राठौर जूनियर कॉमनवेल्थ कुश्ती में देश का प्रतिनिधित्व करने 4 से 6 दिसंबर तक दक्षिण अफ्रीका के शहर पोलोकवाने में जाएंगे। जिससे मध्यप्रदेश कुश्ती जगत में हर्ष है इससे लम्बे अरसे बाद प्रदेश के पहलवान भारतीय टीम में शामिल होने पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव,मध्यप्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष नारायण यादव, ओलंपियन पप्पू यादव, विक्रम ओमप्रकाश खत्री, सुरेश यादव, गोविन्द गुज्जर ने पहलवान के दमदार प्रदर्शन की सराहना की।



महेश राठौर की बहन भी पूर्व में विश्व कुश्ती स्पर्धा में हंगरी जा चुकी हैं। वैसे यह परिवार शुरू से ही कुश्ती का परिवार रहा हैं, महेश के दादा शंकर दादू राठौर वर्षों से बच्चों को तैयार कर भारतीय टीम में जाने का सपना देख रहे थे, जो पोतों ने पूरा किया वैसे महेश राठौर भी स्वर्ण पदक के अलावा कई पदक प्रदेश को दिलवा चुके हैं। कुश्ती से जुड़े पहलवानों ने बधाई दी।

आश्मि और आहिल सीनियर नेशनल फेंसिंग के लिए चयनित



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अमृतसर, पंजाब में आयोजित होने वाली 37वीं सीनियर नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप में भाग लेने वाली मध्य प्रदेश फेंसिंग टीम में इंदौर के आश्मि चौहान और आहिल अहमद को शामिल किया गया है। दोनों खिलाड़ी फॉयल इवेंट में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। कोच मास्टर सईद आलम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि आश्मि और आहिल ने अपने निरंतर अभ्यास, मेहनत और शानदार प्रदर्शन के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है। सईद आलम, मनीष आर्य, विकास शर्मा, याकूब मेमन, आशीष पाल, मुन्ना बोरासी, अनफाल अंसारी, शादाब अहमद, अब्दुल राशिद और सुमित्रा चंद्रवंशी ने दोनों होनहार खिलाड़ियों को बधाई दी।

यूटीटी राज्य टेबल टेनिस स्पर्धा इंदौर में 26 से

इंदौर। मध्यप्रदेश टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में 69 वीं मध्यप्रदेश राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस स्पर्धा का आयोजन 26 नवंबर से 1 दिसंबर तक स्थानीय अभय प्रशाल में किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में प्रदेश के लगभग 25 जिलों की 600 से ज्यादा प्रविष्ठियां प्राप्त हुई है। स्पर्धा में खिलाड़ियों को कुल 1 लाख 56 हजार रुपये की नकद इनामी राशि तथा आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। उक्त जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष ओम सोनी एवं स्पर्धा निदेशक जयेश आचार्य ने बताया कि इस वर्ष पुरुष तथा महिला वर्ग के टीम मुकाबलों के साथ बालक बालिका अंडर-19ए अंडर-17ए अंडर-15ए अंडर-13 आयु वर्ग के टीम मुकाबले भी खेले जाएंगे। उक्त सभी वर्गों के एकल मुकाबलों के साथ ही अंडर-11 आयुवर्ग के भी एकल मुकाबलें खेले जाएंगे।

प्रियांश के तूफान में तमिलनाडु के गेंदबाजों की धार बिगड़ी

इंदौर। दिल्ली के कप्तान प्रियांश आर्या ने मंगलवार को डेली कॉलेज मैदान पर खेले गए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में तमिलनाडु के खिलाफ केवल 68 गेंदों में 181 रन बनाए । इस पारी में उन्होंने 19 छक्के और 7 चौके लगाए । यह पुरुष टी20 क्रिकेट में किसी भारतीय खिलाड़ी को सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर और कुल मिलाकर दूसरा सर्वोच्च स्कोर है।यह 25 वर्षीय सलामी बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका के लुआंड्रे गिल्बर्ट प्रिटोरियस के 188 रन के विश्व रिकॉर्ड से केवल सात रन पीछे रह गया।



इस विशाल पारी की बदौलत दिल्ली ने तमिलनाडु को 116 रनों से हराया ।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के ग्रुप-बी के छठे मुकाबले में डेली कॉलेज ग्राउंड पर खेलते हुए बाएं हाथ के ओपनिंग बल्लेबाज प्रियांश आर्य ने महज 36 गेंदों में अपना शतक पूरा किया और अंत में 181 रन बनाकर टी20 फॉर्मेट में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा खेली गई सबसे बड़ी पारी का नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया। अपनी इस आतिशी पारी में प्रियांश ने 19 गगनचुंबी छक्के और 7 चौके जड़े और केएल राहुल का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेलते हुए 67 गेंदों में 152 रन (16 चौके, 9 छक्के) बनाए थे। प्रियांश ने 18 गेंदों पर 50, 36 गेंदों पर 100 और 60 गेंदों पर 150 रनों का आंकड़ा छूआं ।

पीटी उषा ने अध्यक्ष पद की दौड़ से बनाई दूरी, तीन दिग्गजों ने भरा नामांकन

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष पद के लिए होने वाले चुनाव में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। मौजूदा अध्यक्ष पीटी उषा ने इस बार चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। वहीं, पूर्व महासचिव राजीव मेहता, तीरंदाजी संघ के महासचिव वीरेंद्र कुमार सचदेवा और लंदन ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग ने अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया है। ऐसे में अब अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होगा। आईओए के चुनाव 5 दिसंबर को होने हैं। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख मंगलवार (24 नवंबर) थी। पीटी उषा अंतिम दिन नामांकन दाखिल करने के लिए आईओए भवन नहीं पहुंचीं।

पहले गेम में गुकेश ने सिंदारोव को ड्रॉ पर रोका

वर्ल्ड चैंपियनशिप



जिनेवा । शतरंग के विश्व चैंपियनशिप की शुरुआत हो गई है। इसमें डिफेंडिंग चैंपियन डी गुकेश का सामना उज्बेकिस्तान के खिलाड़ी जावोखिर सिंदारोव से हो रहा है। विश्व चैंपियनशिप के पहले मुकाबले में भारत के गुकेश ने सिंदारोव के साथ ड्रॉ खेला। काले मोहरों से खेल रहे गुकेश ने एक बार फिर अपनी खासियत दिखाई और कम समय होने के बावजूद उन्होंने मशीन की तरह सटीक चालों की गणना की।

शुरुआत से ही दोनों खिलाड़ियों के बीच रणनीतिक दांव-पेच देखने को मिले। गुकेश ने रुई लोपेज ओपनिंग का जवाब देने के लिए अप्रत्याशित रूप से काले मोहरों से 'बर्लिन डिफेंस' अपनाया। शुरुआती चरण में भारतीय खिलाड़ी थोड़ा दबाव में थे, लेकिन उन्होंने कुछ चतुर चालें चलकर बिना वजीर वाली मध्यावस्था में अपनी स्थिति संभाल ली।

एक समय उज्बेकिस्तान के खिलाड़ी को मामूली बढ़त हासिल थी। सिंदारोव ने अंततः एक प्यादे की कुर्बानी देकर मुकाबले को थोड़ा जटिल बनाने की कोशिश की, लेकिन गुकेश ने घड़ी की सुइयां तेजी से चलने के बावजूद सभी सही चालें चलीं और मुकाबला ड्रॉ करा लिया।

आजाद नगर में मिले जले हुए शव का रहस्य तीन दिन बाद सुलझा

पत्नी से दोस्ती के शक में दोस्त ने ही की थी हत्या

कंबल में बांधकर ई-रिक्शा में घुमाया शव, फिर जला डाला सिर में लगी सर्जिकल प्लेट बनी मर्डर मिस्ट्री सुलझाने की कुंजी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

आजाद नगर थाना क्षेत्र में सिग्नेचर हाइट्स के पास तीन दिन पहले मिले अधजले शव की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पोस्टमॉर्टम के दौरान सिर में लगी सर्जिकल प्लेट के सीरियल नंबर से मृतक की पहचान होने के बाद पुलिस ने जब हिरासत में लिए गए संदिग्धों से सख्ती से पूछताछ की, तो हत्याकांड का सनसनीखेज खुलासा हो गया। पूछताछ में आरोपी दोस्त अजय ने पत्नी से दोस्ती के शक में हत्या करने की बात कबूल कर ली है।

आजाद नगर थाना प्रभारी लोकेश भदौरिया के अनुसार, कुछ दिन पहले सिग्नेचर हाइट्स के पास एक युवक का बुरी तरह जला हुआ शव मिला था। शिनाख्त में आ रही दिक्कत के बीच पोस्टमॉर्टम में मृतक के सिर में सर्जिकल प्लेट लगी मिली। प्लेट के सीरियल नंबर के आधार पर अस्पतालों का रिकॉर्ड खंगाला गया, जिसमें अरबिंदो अस्पताल से जानकारी मिली कि वर्ष 2025 में सिर की सर्जरी के दौरान यह प्लेट एरोड्रम क्षेत्र निवासी विनय उर्फ विनायक उर्फ वीनू पिता जगदीश सोलंकी के सिर में लगाई गई थी। इसके बाद एरोड्रम थाने में दर्ज गुमशुदगी के आधार पर मृतक की पहचान सुनिश्चित हुई। परिजनों के मुताबिक, ई-रिक्शा चलाने वाला विनय 21 नवंबर की रात से लापता था और 22 नवंबर को पिता ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पहचान के बाद कॉल डिटेल और लोकेशन के आधार पर पुलिस ने विनय के तीन दोस्तों को हिरासत में लिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सख्त पूछताछ में आरोपी अजय ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि उसकी पत्नी और विनायक उर्फ वीनू के बीच दोस्ती थी, जिसे उसने देख लिया था। इसी रंजिश के चलते अजय ने पहले उसे गांजा पिलाया और फिर घर में कंबल से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी ने शव को उसी कंबल में लपेटा और कई घंटों तक ई-रिक्शा में लेकर शहर में घूमता रहा। सूत्रों के अनुसार, रास्ते में नशा करने के बाद अजय आरआई-2 क्षेत्र में सुनसान जगह पहुंचा, कंबल सहित शव में आग लगाई और मौके से भागकर घर जाकर सो गया। फिलहाल पुलिस अजय समेत अन्य बिंदुओं पर गहन पूछताछ कर रही है। जल्द पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।



अलसुबह टकराई दो कारें

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

अलसुबह रेडिसन चौराहा पर दो कारों के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। गनीमत रही कि कार के एयरबैग खुल गए और कार सवारों को गंभीर चोट नहीं लगी। बताया जा रहा है कि एक कार रोड पार कर रही थी वहीं दूसरी कार तीसरी दिशा से आ गई और दोनों के बीच टक्कर हो गई। मौके पर ट्रैफिक पुलिस और क्षेत्रीय पुलिस भी पहुंची। दोनों कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई।





किराने की दुकान से लौट रहे मासूम पर लपका श्वान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

बाणगंगा क्षेत्र के मुखर्जी नगर में आज सुबह एक मासूम पर श्वान के लपकने का मामला सामने आया है। इसको लेकर रहवासियों ने आक्रोश जताया है। रहवासी पंकज जोशी ने बताया कि बीते करीब 6 माह से लगातार श्वान के काटने की घटनाएं हो रही है। इसको लेकर नगर निगम और क्षेत्रीय पार्षद संध्या जैसवाल को भी कई बार शिकायत की है, लेकिन निराकरण नहीं निकला है। आज सुबह एक मासूम अंशुल समीप ही स्थित किराने की दुकान पर सामान लेने गया था और जब वह अपने घर वापस जा रहा था तभी श्वान उस पर लपक गया और उसके पैर पर काट लिया, हड़बड़ाहट में मासूम गिर भी गया। रहवासियों का कहना है कि पार्षद संध्या जैसवाल को भी आज मामले की जानकारी दी है, हालांकि पहले भी कई बार शिकायत हो चुकी है, जिसका कोई समाधान नहीं हुआ, इसको लेकर पार्षद के खिलाफ रहवासियों में आक्रोश है।



मौत

घर में रखा एसिड पानी समझकर पी गई ढाई साल की मासूम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

चंदन नगर थाना क्षेत्र स्थित विकास नगर में एक हृदयविदारक हादसा सामने आया है, जहां खेलते-खेलते घर में रखा एसिड पानी समझकर पी लेने से ढाई वर्षीय मासूम बच्ची की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मातम पसर गया है और पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

चंदन नगर थाना क्षेत्र के विकास नगर निवासी सुनील की ढाई वर्षीय बेटी वंशिका घर में खेल रही थी। पिता सुनील ने बताया कि बच्ची ने अनजाने में घर में रखा एसिड पानी समझकर पी लिया, जिससे उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। परिजन घबराकर मासूम को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान वंशिका ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर चंदन नगर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है और घटनाक्रम की तस्दीक करते हुए आगे की जांच की जा रही है।

ई-रिक्शा पलटने से 12 वर्षीय छात्र घायल

तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने पर चालक पर पुलिस ने की कार्रवाई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

एरोड्रम थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा के पलटने से उसमें सवार 12 वर्षीय स्कूली छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। ई-रिक्शा चालक की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ, जिसके बाद आरोपी चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित छात्र की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

एरोड्रम पुलिस के अनुसार, शुभम पैलेस निवासी शंकर नामदेव (12) हादसे का शिकार हुआ है। घटना छोटा बांगड़दा रोड स्थित न्यू इरा स्कूल के पास की है। पीड़ित छात्र ने बताया कि वह ई-रिक्शा में सवार होकर जा रहा था, तभी चालक ई-रिक्शा को अत्यधिक तेज गति और लापरवाही से चलाने लगा। अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा सड़क पर ही पलट गया, जिसके नीचे छात्र शंकर दब गया। हादसे में उसके सिर, कमर, दोनों हाथों और दोनों पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए छात्र को रिक्शा के नीचे से निकाला और उसे उसके स्कूल के पास तक पहुंचाया। एरोड्रम पुलिस ने आरोपी ई-रिक्शा चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने और चोट पहुंचाने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार

चैकिंग के दौरान 12 ग्राम पदार्थ मिलने पर प्रकरण दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

क्राइम ब्रांच ने स्नेहलतागंज क्षेत्र से एक आरोपी को 12 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 1 लाख 20 हजार रुपए आंकी गई है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ पहले भी एमआईजी थाने में एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज है।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार, क्राइम ब्रांच की टीम संदिग्धों की तलाश और गश्त करते हुए स्नेहलतागंज स्थित पशु चिकित्सालय के सामने पहुंची थी। वहां एक संदिग्ध युवक खड़ा दिखा, जो पुलिस के पूछताछ करने पर घबराकर हड़बड़ाने लगा। टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया, जिसने अपना नाम एजाज उर्फ पिन्टू निवासी तुकोगंज क्षेत्र, इंदौर बताया। संदेह के आधार पर तलाशी ली गई तो आरोपी ने पैंट की जेब से एक पन्नी निकाली, जिसमें 12 ग्राम ब्राउन शुगर पाई गई। पुलिस ने मादक पदार्थ जब्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध शाखा थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। जांच में सामने आया कि 10वीं पास आरोपी घर से सिलाई का काम करता है और उसके खिलाफ 17 जनवरी 2026 को एमआईजी थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/27 के तहत भी अपराध दर्ज हुआ था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर ब्राउन शुगर की सप्लाई चेन और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है।



सम्पादक : महेश मूंगड़ा। स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक महेश मूंगड़ा द्वारा मूंगड़ा पब्लिकेशन, 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। RNI NO. MPHIN/2005/15582 फोन : 98273-69587 ई-मेल : cityblastindore@gmail.com